दैनिक
डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश में प्रसारित!
R.N.I.68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा मंगलवार 11 मार्च 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 651

## संक्षिप्त खबरें ।

### ईडी, सीबीआई बीजेपी का एक संगठन है जो विरोधियों को डराने की काम करती है



**लोक तंत्र कीआवाज़**

**भिलाई ।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के भिलाई स्थित आवास पर सोमवार (10 मार्च) ईडी ने रेड डाली है. इस पर कांग्रेस की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई है. हरियाणा से कांग्रेस की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि यह सारा कुछ राजनीति से प्रेरित है. पहले से ही कोशिश की गई टार्गेट करने की. उसी का सिलसिला जारी है। सांसद कुमारी सैलजा ने एएनआई से बातचीत में कहा, "बीजेपी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर ईडी और एजेंसियों का इस्तेमाल करती है. कांग्रेस पार्टी इन चीजों से दबने वाली नहीं है. बता दें कि कुमारी सैलजा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की प्रभारी रही हैं।

**ईडी और सीबीआई बीजेपी के संगठन– प्रमोद तिवारी :** कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, "ईडी, सीबीआई और आईटी बीजेपी के फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन की तरह काम करते हैं. भूपेश बघेल को पंजाब का प्रभारी बनाया गया है और तब रेड हुई है. पंजाब में बीजेपी की हालत खराब है.सात साल से कर रहे थे कुछ निकला नहीं निकला तो अब भी नहीं निकलेगा, रेड का मतलब दोषी नहीं है।

# वो दिन दूर नहीं जब नीतीश कुमार अपने दोनों डिप्टी सीएम के पैरों पर गिरने लगेंगे: तेजस्वी यादव

**लोक तंत्र कीआवाज़**



**पटना।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर एक बार फिर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब नीतीश कुमार अपने दो मौजूदा उपमुख्यमंत्रियों – विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी के पैरों में गिरेंगे।उन्होंने कहा–''क्या यह एक राज्य के मुख्यमंत्री को शोभा देता है?' पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव यहां कथित तौर पर ''राजग द्वारा आरक्षण की चोरी और उसे हजम कर जाने'' के खिलाफ राजद द्वारा आयोजित धरने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

**हम हाथ क्यों मिलाएंगे? :** जब उनसे पूछा गया कि क्या विधानसभा चुनाव से पहले उनके जद (यू) प्रमुख के साथ हाथ मिलाने की संभावना है, तो यादव ने कहा, ''हम हाथ क्यों मिलाएंगे? आप मौजूदा मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश क्यों कर रहे हैं?'' उनसे कहा गया कि मीडिया के एक वर्ग में ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि हाल ही में 74 साल के हुए नीतीश कुमार को इस बात की चिंता है कि चुनाव के बाद भाजपा नेतृत्व परिवर्तन के लिए दबाव डाल सकती है और राजद इस स्थिति का फायदा उठाकर उसके साथ गठबंधन का ''प्रस्ताव'' देने को तैयार है। आम तौर पर मिलनसार स्वभाव के यादव ने सख्ती से जवाब दिया, ''किसी की ओर से कोई प्रस्ताव नहीं है। मेरी पार्टी में, केवल राजद अध्यक्ष लालू जी और मैं ही गठबंधन पर कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत हैं। कृपया फालतू बात न करें।''

**अब अपना विवेक खो बैठे हैं नीतीशः** तेजस्वी यादव ने इस बात पर जोर दिया कि कुमार ''अब अपना विवेक खो बैठे हैं, जो सार्वजनिक रूप से उनके द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा के स्तर से स्पष्ट है।'' कुमार द्वारा सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पैर छूने की कोशिश करने के कुछ उदाहरणों का हवाला देते हुए यादव ने कहा, ''क्या यह एक राज्य के मुख्यमंत्री को शोभा देता है?'' यादव ने दावा किया, ''वह दिन दूर नहीं जब कुमार अपने दो मौजूदा उपमुख्यमंत्रियों – विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी के पैरों में गिरेंगे।

### आरक्षण विरोधी एजेंडे पर काम करने का आरोप

उन्होंने भाजपा पर ''बिहार में अपने आरक्षण विरोधी एजेंडे पर काम करने'' का आरोप लगाया। राजद नेता ने आरोप लगाया, ''यही कारण है कि जब आरक्षण संबंधी याचिका पर सुनवाई हो रही है, तो उच्चतम न्यायालय में राज्य सरकार के वकील ठीक से बहस नहीं कर रहे हैं।'' उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने पटना उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है।

# पंजाब पुलिस ने ग्लोबल ड्रग माफिया को दबोचा, अमेरिकी FBI को भी थी इसकी तलाश

**लोक तंत्र की आवाज़**



**तरनतारण।** पंजाब पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया को गिरफ्तार किया है। इस माफिया की तलाश अमेरिकी जांच एजेंसी इकको भी थी। अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया शहनाज़ सिंह उर्फ शॉन भिंडर को पंजाब की तरनतारन पुलिस ने पकड़ा है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने ट्वीट कर के इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी है। ये ड्रग माफिया कोलंबिया से अमेरिका और कनाडा में कोकीन की तस्करी करता था। आइए जानते हैं पकड़े गए ड्रग माफिया के बारे में क्या कुछ पता लगा है।

**पुलिस ने क्या बताया? :** पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने पर बताया– ₹एक बड़ी सफलता, तरनतारन पुलिस ने इक–वरअ द्वारा वांछित एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया शहनाज़ सिंह उर्फ शॉन भिंडर को गिरफ्तार किया है। वह एक ग्लोबल ड्रग सिंडिकेट से जुड़ा था। ड्रग माफिया कोलंबिया से अमेरिका और कनाडा में कोकीन की तस्करी करता था।

**अमेरिका में 4 सहयोगी गिरफ्तारः** पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया है कि–₹ड्रग माफिया को पकड़ने का यह ऑपरेशन 26 फरवरी, 2025 को अमेरिका में उसके चार सहयोगियों की गिरफ्तारी के बाद किया गया। इनकी पहचान अमृतपाल सिंह उर्फ अमृत उर्फ बल, अमृतपाल सिंह उर्फ चीमा, तकदीर सिंह उर्फ रोमी, सरबसित सिंह उर्फ साबी और फर्नांडो वल्लाडारेस उर्फ फ्रेंको के रूप में हुई है।

**अमेरिका में भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामदः** अमेरिकी अधिकारियों इनकी गिरफ्तारी के बाद उनके घरों और वाहनों से 391 किलोग्राम मेथमफेटामाइन, 109 किलोग्राम कोकीन और चार हथियार जब्त किए हैं। अमेरिका में इस कार्रवाई के बाद शहनाज भारत भाग आया था। यहां पंजाब पुलिस ने उसे सफलतापूर्वक ट्रैक किया और गिरफ्तार कर लिया।

### ऑपरेशन जीरो टॉलरेंस नीति का प्रमाणः डीजीपी

डीजीपी ने आगे कहा है– पुलिस का ये ऑपरेशन ड्रग तस्करी और संगठित अपराध के प्रति पंजाब पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति का प्रमाण है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि पंजाब ड्रग तस्करों और अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह न बने।

# सुखबीर बादल और बिक्रम मजीठिया के बीच तकरार

### अकाली दल में बगावत!

**लोक तंत्र कीआवाज़**




**चंडीगढ़।** अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल और उनके साले बिक्रम सिंह मजीठिया के बीच की कड़वाह खुलकर सामने आ गई। पार्टी के अंदरखाने में दोनों के बीच की अनबन और इसके संकेतों की चर्चा पहले से ही चल रही थी। दरअसल दो तख्त जत्थेदारों को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की कार्यकारी समिति द्वारा बर्खास्त किए जाने पर मजीठिया ने अपनी असहमति जताई। उन्होंने इसे मतभेद कहा। लेकिन सुखबीर खेमे की तुरंत और तीखी प्रतिक्रिया से साफ हो गया कि मजीठिया के इस कदम को बगावत की तरह देखा गया। शायद उन्हें पहले से ही इसकी आशंका थी।

अकाली दल के कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ के नाम से जारी बयान में पीठ में छुरा घोंपना जैसे शब्दों का इस्तेमाल हुआ। मजीठिया के बयान के कुछ ही घंटों के भीतर, सुखबीर खेमे के समर्थक और अकाली दल का आईटी सेल उन पर निशाना साधने में जुट गए। अकालदी दले के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया कि 17 फरवरी को चंडीगढ़ में अपनी बेटी के विवाह समारोह में सुखबीर ने अमृतसर के दो कट्टर मजीठिया विरोधियों को बुलाया था। ये थे तलबीर सिंह गिल, जो शिअद से आप में चले गए थे। दूसरे थे पूर्व कांग्रेस विधायक इंदरबीर सिंह बोलारिया, जो मजीठिया से मतभेदों के चलते कांग्रेस में शामिल हो गए थे। अकाली दल के अंदरूनी सूत्र ने कहा कि यह मजीठिया के साथ–साथ दूसरों के लिए भी एक संकेत था।

**सुखबीर भी इस समय कमजोर स्थिति मेंः** अकाली दल के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि दोनों के बीच अनबन के संकेतों पर पार्टी हलकों में चर्चा हो रही थी। 2 दिसंबर को अकाल तख्त की कार्यवाही के दौरान लोगों ने बहुत कुछ समझा। मजीठिया ने खुद को उन नेताओं के बीच रखा जो शिअद–भाजपा सरकार के दौरान कैबिनेट का हिस्सा थे, लेकिन विवादास्पद फैसले लेने की प्रक्रिया में शामिल नहीं थे। गौरतलब है कि मजीठिया ने एसजीपीसी के फैसले पर खुलकर असहमति तब जताई जब बड़े सिख समुदाय में जत्थेदारों की बर्खास्तगी के खिलाफ मजबूत भावना है। सुखबीर भी इस समय कमजोर स्थिति में हैं।

**जेल से बाहर आने के बाद ज्यादा एक्टिव हुएः** पार्टी हलकों में, आम तौर पर यह माना जाता था कि उनकी बहन और बठिंडा की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने उनके लिए ताकत का इस्तेमाल किया था। सुखबीर ने भी उन्हें सरकार और पार्टी के मामलों में काफी अधिकार दिए थे।

# इजरायल के इस कदम से गाजा में मचा कोहराम, हर तरफ अंधेरा ही अंधेरा, भयावह हैं हालात

**लोक तंत्र कीआवाज़**



**यरुशलम।** इजरायल के हमलों के बाद गाजा में हालात भयावह हैं इस बीच इजरायल ने एक और बड़ा ऐलान कर दिया है। इजरायल का कहना है कि वह गाजा को बिजली की आपूर्ति बंद कर रहा है। गाजा में बिजली की आपूर्ति बंद होने से हालात और भी खराब हो जाएंगे। इजरायल ने यह ऐलान ऐसे समय किया है जब एक सप्ताह पहले ही उसने 20 लाख से अधिक लोगों को गाजा में सभी प्रकार की वस्तुओं की आपूर्ति बंद कर दी थी।

**क्या बोले इजरायल के ऊर्जा मंत्री?:** इजरायल के ऊर्जा मंत्री एली कोहेन ने बताया कि उन्होंने इजरायल इलेक्ट्रिसिटी कॉर्पोरेशन को इलाके की बिजली सप्लाई रोकने का आदेश दिया है। कोहेन ने कहा कि मैंने गाजा पट्टी के लिए बिजली की सप्लाई तुरंत बंद करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। हम अपने पास मौजूद हर रास्ते का इस्तेमाल करेंगे ताकि बंधकों की रिहाई हो और गाजा से हमास का खात्मा सुनिश्चित किया जा सके।

**तबाह हो चुका है गाजाः** इजरायल के इस कदम को हमास पर दबाव बनाने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है। इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम का पहला चरण पिछले सप्ताह समाप्त हो गया था। हमास ने युद्ध विराम के अधिक कठिन दूसरे चरण पर वार्ता शुरू करने पर जोर दिया है। युद्ध के कारण गाजा काफी हद तक तबाह हो चुका है और वहां बिजली आपूर्ति के लिए जनरेटर और सौर पैनलों का उपयोग किया जाता है।

**गाज को लेकर क्या है मिस्र का प्लान;** इस बीच यहां यह भी बता दें कि, गाजा से लोगों को हटाकर उसके विकास संबंधी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्ताव के उलट मिस्र गाजा पट्टी से फलस्तीनियों को बाहर निकाले बिना गाजा के पुनर्निर्माण की योजना बना रहा है। मिस्र के प्रस्ताव में गाजा के भीतर सुरक्षित क्षेत्र स्थापित करने की बात कही गई है जहां फलस्तीनी शुरुआत में रह सकते हैं, जबकि मिस्र और अंतरराष्ट्रीय निर्माण कंपनियां गाजा पट्टी से मलबे और अन्य ढांचों को हटाएंगी और फिर वहां निर्माण करेंगी।

# झारखंड कांग्रेस में कौन है 'विभीषण'? बीजेपी को इन नेताओं से मिल रही मदद

**लोक तंत्र कीआवाज़**

**झारखंड प्रभारी निशांत तिवारी**

**दुमका।** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू ने रविवाद को दुमका परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि झारखंड में कांग्रेस के स्लीपर सेल भाजपा को मदद पहुंचा रहे हैं। इससे पार्टी को नुकसान हो रहा है। के. राजू ने कहा कि झारखंड भ्रमण के क्रम में उन्हें यह पुख्ता फीडबैक मिला है कि यहां बड़ी संख्या में कांग्रेसी भाजपा के मददगार बने हुए हैं। ऐसे लोगों को शीघ्र चिह्नित कर उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने कहा कि वह अब तक 18 जिलों का भ्रमण कर चुके हैं और इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर तमाम परिस्थितियों से अवगत हो रहे हैं। इस दौरान कांग्रेसियों के भाजपा में घुसपैठ की शिकायतें हर जगह मिली है। इसी क्रम में के. राजू ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का कांग्रेस मुक्त भारत का सपना कभी साकार नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान उन्होंने कांग्रेस को कमजोर करने के लिए हो रही तमाम साजिशों को विफल करने के लिए कार्यकर्ताओं को सजग रहने को कहा है।

**कांग्रेस प्रभारी ने की पत्रकार वार्ताः** के. राजू ने गुजरात में दिए गए पार्टी नेता राहुल गांधी के बयान की चर्चा करते हुए कहा कि कमोबेश ऐसी स्थिति पूरी देश में है और झारखंड भी इसकी जद में है।

**विधि–व्यवस्था पर सरकार गंभीर, हो रही त्वरित कार्रवाईः** झारखंड में तेजी से बढ़ रही आपराधिक घटनाएं, हिंसा, हत्या और दुष्कर्म की घटनाओं के बारे में पूछे जाने पर के. राजू ने कहा कि कांग्रेस विधि–व्यवस्था को दुरुस्त रखे जाने को लेकर गंभीर है। हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या और दुमका के काठीकुंड में आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के हत्या मामले में पूछे जाने पर मौके पर मौजूद राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार विधि–व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर तत्पर है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि अपराध नियंत्रण को लेकर त्वरित कार्रवाई हो रही है। आने वाले दिनों में झारखंड में अपराध पूरी तरह से नियंत्रण में रहेगा।

**सीधे जनता से जुड़ें सभी कांग्रेसी :** के. राजू ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया है कि वह जनता की समस्याओं का निदान करें। जनता के बीच उनसे जुड़कर रहें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य महज चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना है। महिला, युवा, अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़ा और आदिवासियों का सर्वांगीण विकास कांग्रेस की प्राथमिकता में है। के. राजू ने कहा कि झारखंड में महिला नेताओं को मजबूत किया जाएगा। इन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जगह दी जाएगी। कांग्रेस में प्रोफेशनल तरीके से काम किया जाएगा। एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक के लिए वर्किंग ग्रुप बनेगा। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि अगर झारखंड में कांग्रेस सत्ता में आती है तो यहां ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री दीपिका सिंह पांडेय, विधायक प्रदीप यादव, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, प्रदेश प्रवक्ता श्यामल किशोर सिंह, जयशंकर पाठक, जिला अध्यक्ष महेशराम चंद्रवंशी, कृष्णानंद झा, संजीत सिंह, प्रो.मनोज अबंष्ट समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ● झारखंड के बड़े नेता ने बताई अंदर की बात



### बोर्ड-निगम में हिस्सेदारी व परिसीमन पर कांग्रेस करेगी विचार

एक सवाल के जवाब में कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि झारखंड में परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस के आला नेता गंभीरता से मंथन कर अपना स्टैंड लेंगे। उन्होंने कहा कि यह मसला सिर्फ झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश का है।कांग्रेस पार्टी तमाम पहलुओं को ध्यान में रखकर ही परिसीमन के मुद्दे पर अपना स्टैंड क्लियर करेगी। इस सवाल पर कि झामुमो ने झारखंड में लोकसभा सीटों के परिसीमन का विरोध करने का निर्णय लिया है तो इस परिस्थिति में कांग्रेस क्या झामुमो के साथ खड़ा होगी के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आलाकमान ऐसे मुद्दों पर अपनी रणनीति तय करेगा।

# महागठबंधन में दरार! राजद के नेतृत्व पर पप्पू यादव बोले– 'सवाल ही नहीं उठता है

**लोक तंत्र कीआवाज़**



**पटना।** 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में ऐसा लग रहा है कि सब कुछ ठीक नहीं है. पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने बड़ा बयान दिया है. एक सवाल के जवाब में सांसद पप्पू यादव ने कहा कि महागठबंधन का निर्णय सामूहिक होता है. सबकी सहमति से होता है. महागठबंधन का निर्णय राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, माले के नेता और लालू यादव सब मिलकर लेंगे. नेतृत्व कांग्रेस करेगी।

पप्पू यादव ने कहा कि सवाल ही नहीं उठता है कि आरजेडी और उनका कोई भी नेता अकेला सक्षम है निर्णय लेने के लिए. कांग्रेस कभी भी किसी के थोपे हुए निर्णय पर नहीं चलती है और ना ही स्वीकार करती है. कांग्रेस हमेशा देश और समाज के हित में निर्णय लेती है. जो बिहार के हित में होगा वो निर्णय लेगी. वो (आरजेडी) अपनी पार्टी के निर्णय लेने में सक्षम हैं. महागठंबधन का निर्णय कांग्रेस नेतृत्व के साथ बैठकर ही होगा।

# जहां जेलेंस्की ने किया था कब्जा, वहीं घिर गई यूक्रेन की सेना, रूस के पूर्व राष्ट्रपति ने कर दिया बड़ा दावा

**लोक तंत्र कीआवाज़**



**मॉस्को।** बीते कुछ दिनों से रूस ने यूक्रेन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं. इस बीच रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने रविवार (9 मार्च 2025) को दावा किया कि कुर्स्क क्षेत्र में रूसी सेना ने यूक्रेन के सैनिकों को घेर लिया है. पिछले साल अगस्त में यूक्रेन ने कुर्स्क क्षेत्र में घुसपैठ की थी. यह दूसरे विश्व युद्ध के बाद से रूसी क्षेत्र पर सबसे बड़ा हमला था. यूक्रेन ने कुछ ही दिनों में 1,000 वर्ग किलोमीटर (386 वर्ग मील) क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था. यूक्रेन ने जिन क्षेत्रों पर कब्जा किया था, उसमें बॉर्डर का शहर सुदज़ा भी शामिल था।

**यूक्रेनी सुरक्षाबलों पर रूस ने किया ने किया हमलाः** बताया जा रहा है कि रूसी सेना ने कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सुरक्षाबलों पर पीछे से हमला करने के लिए गैस पाइपलाइन के अंदर कई मीलों तक पैदल चले. रूस ने बीते कुछ दिनों तक यूरोप को गैस भेजने के लिए इस पाइपलाइन का इस्तेमाल किया था. न्यूज एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार कुछ रूसी सैनिकों ने सुदज़ा शहर के पास यूक्रेनी सुरक्षाबलों पर पीछे से हमला किया. उससे पहले रूसी सैनिकों ने कई दिन इस पाइपलाइन में बिताए थे।

यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने शनिवार (8 मार्च 2025) को पुष्टि की थी कि रूसी सेनाओं ने सुदज़ा शहर के बाहर पैर जमाने के लिए पाइपलाइन का इस्तेमाल किया था. उन्होंने दावा किया था कि इस समय रूसी सुरक्षा बलों का पता लगाया जा रहा है और उन्हें रोका जा रहा है. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार क दावा किया कि रूस ने एक हफ्ते में सैंकड़ों हवाई हमले किए।

# क्या अमेरिका के आगे झुकेगा ईरान? बातचीत को तैयार लेकिन रखी ये शर्त

**लोक तंत्र कीआवाज़**



**नई दिल्ली।** ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम के सैन्यीकरण संबंधी चिंताओं पर बातचीत के लिए अपनी सहमति जताई है. हालांकि, ईरान ने साफ किया कि वार्ता का उद्देश्य उसके शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना नहीं होना चाहिए. अमेरिका के साथ पिछले समझौते को लेकर ईरान की अपनी शर्तें हैं और वह सिर्फ अपनी चिंताओं पर ही बात करने को तैयार है।

ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम लंबे समय से ईरान और अमेरिका के बीच तनाव की वजह रहा है. रविवार को ईरान ने कहा कि अगर बातचीत उसके परमाणु कार्यक्रम के सैन्यीकरण की चिंताओं तक ही सीमित रही तो वह अमेरिका के साथ वार्ता पर विचार करेगा। एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में ईरान के वठ मिशन ने कहा। ₹अगर बातचीत का मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम के किसी भी संभावित सैन्यीकरण से संबंधित चिंताओं को दूर करना है, तो ऐसी वार्ता के लिए सोचा जा सकता है.₹ इस बयान से एक दिन पहले ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने अमेरिका के साथ वार्ता को अस्वीकार कर दिया था, क्योंकि उन्होंने कहा था कि उनका उद्देश्य ईरान के मिसाइल कार्यक्रम और क्षेत्र में उसके प्रभाव पर प्रतिबंध लगाना होगा।

खामेनेई का ये बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से उन्हें एक पत्र भेजे जाने के एक दिन बाद आया था, जिसमें ट्रंप ने तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने और अपने पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिका को जिस परमाणु समझौते से अलग कर लिया था, उसके स्थान पर एक नया समझौता करने की मांग की थी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नवादाः युथ फेडरेशन का 18 वां जिला सम्मेलन संपन्न नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार




शम्भू विश्वकर्मा
**नवादा 10 मार्च ।** ऑल इण्डिया युथ फेडरेशन का 18 वां जिला सम्मेलन सोमवार को स्थानीय अंबेडकर पुस्तकालय के सभागार में राज्य इकाई से आये पर्यवेक्षक निधीश कुमार गोलू की देख–रेख में संपन्न हुआ । सम्मेलन की अध्यक्षता युथ विंग के सक्रीय सदस्य शैलेन्द्र कुमार ने की जबकि सीपीआई के जिला महामन्त्री डॉ जयनंदन प्रसाद सिंह , किसान सभा के गोविन्द प्रसाद , अर्जुन सिंह , नरेंद्र प्रसाद सिंह आदि विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे । सम्मेलन में घण्टों बहस के बाद जिला परिषद के 19 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है । कार्यकरिणी सूची के अनुसार शैलेन्द्र कुमार की अध्यक्ष , सुनील कुमार को उपाध्यक्ष , अनुज सिंह को सचिव , नीरज कुमार को सह सचिव और सखीचंद्र रविदास को कोषाध्यक्ष बनाया गया । इसके पूर्व पर्यवेक्षक निधीश कुमार गोलू ने युवाओं को ललकारते हुए व्यवस्था परिवर्तन हेतु कमर कस लेने का आह्वान किया । उन्होंने कहा कि नवादा की धरती क्रांतिकारी धरती रही है जहाँ से परिवर्तन का पहला बयार शुरू होता है । जयनंदन प्रसाद सिंह ने कहा कि नवादा में युथ संगठन की क्रियाशीलता निकट भविष्य में देखने को मिलेगी क्योंकि इसमें ऊर्जावान युवा स्वतः सामने आये हैं । अतिथियो ने नए कार्यकारणी को बधाई देते हुए मुस्तैदी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया । नई कार्यकारिणी ने निर्णय लिया कि 22–23 और 24 मार्च को बेतिया में आयोजित होने वाले राज्य सम्मेलन में नवादा की दमदार भगीदारी और भूमिका होगी । धन्यवाद ज्ञापन इप्टा के संस्कृतिकर्मी नरेंद्र प्रसाद ने किया और नई कमिटी को शुभकामनायें दी ।

### 180 गर्भवती महिलाओं का किया गया प्रसव पूर्व जांच



**काशीचक ।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काशीचक में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व (एएनसी) जांच की गयी । जिसमें बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं पहुंच कर सुरक्षित और सामान्य प्रसव के लिए एएनसी जांच करवाई। जांच के बाद प्रभारी डॉ जीवेश कुमार के द्वारा गर्भवती महिलाओं को आवश्यकतानुसार चिकित्सा परामर्श दिया गया । जिसमें रहन–सहन, साफ–सफाई, खान–पान, गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, समेत अन्य चिकित्सा परामर्श विस्तार पूर्वक दिया गया । वही कैल्शियम व आइरन फोलिक एसिड की गोली तथा कई गर्भवती महिला को टीटी इंजेक्शन दिया गया। मौके पर प्रभारी डॉ जीवेश कुमार ने बताया कि 180 गर्भवती महिलाओं की जाँच की गई । इस मौके पर आशुतोष कुमार, विनोद कुमार, प्रियंका कुमारी ,सोनू कुमार, कुंदन कुमारी ,ललन, माया शर्मा , पुरुषोत्तम कुमार, हिमांशु सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

### होली को लेकर हिसुआ थाने में शांति समिति की बैठक, लोगों से लिया गया सुझाव



**हिसुआ (नवादा )।** हिसुआ थाना के थानाध्यक्ष अनिल कुमार की अध्यक्षता में होली में विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक की गई बैठक में जनप्रतिनिधियों ,पत्रकारों एवं आम लोगों की राय लिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा डीजे एवं झुमटा मटका फोड़ प्रतियोगिता के लिए सरकारी आदेश लेना अनिवार्य है। जहां मटका फोड़ प्रतियोगिता और होलिका दहन होगा उन क्षेत्रों में चौकीदार की व्यवस्था दिया गया है। चौकसी बरतने की हिदायत देते हुए थानाध्यक्ष के कहा जो भी लोग संदिग्ध या नशे में दिखेंगे उन्हे अरेस्ट कर लिया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष पूजा कुमारी ,वार्ड पार्षद शोभा देवी ,पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मीकांत उर्फ वीगन सिंह ,समाजसेवी अरविंद चंद्रवशी,पूर्व अध्यक्षा शोभा देवी, शम्भू शर्मा ,वार्ड पार्षद मनोज यादव,वार्ड पार्षद विनोद सिंह ,जितेंद्र कुमार ,सुनील कुमार चौधरी , नन्हू मिंया ,बाबुचन्द चौधरी ,असगर अली ,समाजसेवी मधुसूदन चौधरी आदि ने विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर अपने विचार दिए। अंचल अधिकारी ने कहा है होली के दौरान हानिकारक रंग और पोटिंग रंग का प्रयोग नहीं करना है। साथ हीं उन्होंने कहा अश्लील गाना बजाने पर सारा समान जब्त कर लिया जाएगा साथ हीं बजाने वाले के विरुद्ध भी कानूनी कारवाई की जाएगी । मौके पर हिसुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद प्रसाद ने सभी लोग होली को भाईचारे और सौहार्दपूर्ण मनाने में अपनी सहभागिता निभाएं।

# विधायक ने ट्रस्ट के द्वारा संचालित जेहल प्रसाद रसोई का लिया जायजा

## अपने हाथों से बांटे सांध्य भोजन और अस्पताल का किया निरीक्षण





लोकतंत्र की आवाज

**नवादा 10 मार्च ।** श्री राज कृष्णा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के माध्यम से गरीबों और वंचितों के बीच चलाये जा रहे स्व जेहल प्रसाद रसोई वितरण का निरीक्षण रविवार को स्वंय नवादा विधायक विभा देवी ने किया और भोजन की गुणवत्ता , वितरण का सिस्टम और लाभुकों की स्थिति का जायजा लिया । उन्होंने व्यवहार न्यायालय के समक्ष , नवादा रेलवे स्टेशन और सदर अस्पताल में जरूरतमंदों के बीच संध्या भोजन का वितरण भी अपने हाथो से किया । इसी क्रम में उन्होंने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण भी किया और भर्ती मरीजों से मुलाकात कर हाल चाल की जानकारी ली और उपस्थित चिकित्सकों को बेहतर से बेहतर इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया । कुछ मरीजों ने दर्द की शिकायत की तो विधायक ने तत्काल चिकित्सक को बुलाकर जांच करवाया और आवश्यक दवाइयाँ देने का निर्देश दिया । उन्होंने भोजन वितरण के संबंध में बताया कि कोरोना काल से ही लगातार जरूरत मंदों के बीच भोजन वितरण किया जा रहा है जिसकी गुणवत्ता का ख्याल मैं स्वंय रखती हूँ । उन्होंने यह भी बताया कि पहाड़पुर , स्टील नगर , अमृत नगर जैसे महादलित गाँवों के अलावे नवादा नगर में भी तीन चयनित स्थानों पर लगातार भोजन वितरण किया जा रहा है । विधायक के काफिले में अनिल प्रसाद सिंह , राकेश सिन्हा , पंकज यादव , राहुल कुमार , सुरेन्द्र उपाध्याय , लालकेश्वर समेत दर्जनों नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल-302: 'होली के रंग मगहियन संग' का भव्य आयोजन



लोक तंत्र कीआवाज

**नवादा।** विश्व मगही परिषद्, नई दिल्ली के तत्वावधान में ₹अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल-302: होली के रंग मगहियन संग₹ का भव्य आयोजन 09 मार्च 2025 को संध्या 6:30 बजे हुआ। यह कार्यक्रम साहित्य, संस्कृति एवं रंगों के अद्भुत संगम का साक्षी बना, जिसमें मगही प्रेमियों, साहित्यकारों, कवियों, कलाकारों एवं विद्वानों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस विशेष मगही चौपाल का शुभारंभ ममता कुमारी के सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके पश्चात् विश्व मगही परिषद् के अंतरराष्ट्रीय महासचिव प्रो. डॉ. नागेंद्र नारायण ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने मगही भाषा एवं संस्कृति के उत्थान के लिए होली जैसे पारंपरिक पर्वों के माध्यम से सांस्कृतिक एकता को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंकित रंजन (कला और संस्कृति पदाधिकारी, जिला भागलपुर) ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा, ₹मगही भाषा और संस्कृति की मिठास हमारी धरोहर है। विश्व मगही परिषद् जिस प्रकार इसे वैश्विक मंच प्रदान कर रही है, वह सराहनीय है। होली के इस पावन अवसर पर मगही लोककला, साहित्य और संगीत को इस तरह प्रस्तुत करना हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैं परिषद् के इस प्रयास की हृदय से सराहना करता हूँ और आगे भी मगही संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु सहयोग का वचन देता हूँ। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में मगही कवि सम्मेलनः प्रतिष्ठित कवियों ने मगही में होली पर आधारित सुंदर कविताएँ प्रस्तुत कीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँः मगही लोकगीत की मनमोहक झलकियाँ। विचार गोष्ठीः मगही भाषा के विकास और संरक्षण पर विद्वानों का संवाद। इस अवसर पर विद्वानों, साहित्यकारों और समाजसेवियों ने अपने विचार रखे और मगही संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालमणि विक्रांत , ललित किशोर शर्मा , मगही रत्न जय प्रकाश , गीतकार राजकुमार, लखीसराय से लोकगायिका रितिका पांडेय , गीतकार ( डा ) शिवेंद्र नारायण सिंह, ,शेखपुरा से ममता कुमारी ,चुनचुन पांडेय ,गया से पूनम कुमारी,डॉ बालेंदु कुमार बमबम ,अरवल से महेंद्र प्रसाद देहाती ,नालंदा से जयराम देवसपुरी और नई दिल्ली से श्रीमती निवेदिता सिंह , पूर्व जिला परिषद सदस्य, नवादा जिला ,साहेब यादव सहित अन्य राज्यों से भी मगही प्रेमी शामिल हुए।अंत में, विश्व मगही परिषद् के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस आयोजन को सफल बनाने वाले सभी प्रतिभागियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

## इप्टा के रंगकर्मी राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लहरा रहे हैं अपना परचम

लोकतंत्र की आवाज

आर्यन मोहन
**नवादा।** जिले के प्रसिद्ध जन नाट्य संघ (इप्टा) जो सामाजिक-सांस्कृतिक रूपांतरण का एक व्यापक रंगमंच है।आज के तारिख में राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रहे हैं।नव सृजन एवं सांस्कृतिक संस्थान, पटना के सचिव पूजा ऋतुराज ने नवादा इप्टा के सचिव चन्द्रमौलि कुमार एंव स० सचिव मनोज कुमार को प्रशस्तिपत्र,अंग वस्त्र और शील्ड देकर अंतरराष्ट्रीय मगध शिखर सम्मान से सम्मानित किया।यह सम्मान इन द्वय संस्कृतिकर्मियों को मगही में उत्कृष्ट कलात्मक प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया है। पटना के संस्थान कार्यालय में मगही की दशा व दिशा पर आयोजित सेमिनार सह होली मिलन समारोह के संयोजक , कवियत्री एंव रंगकर्मी पूजा ऋतुराज ने कहा कि मगही को संवैधानिक दर्जा दिलवाने में कलाकारों की अहम् भूमिका होतीहै जिसमें इप्टा के रंगकर्मी आगे बढ़कर काम कर रहे हैं।इन कलाकारों नें मगध नटराज केशरी नंदन, मगही कोकिल जयराम,जयराम देवसपुरी,महान गीतकार जयप्रकाश,राष्ट्रीय ख्यातिविद् रंगकर्मी नरेंद्र प्रसाद सिंह, गायिका निशा कुमारी, राष्ट्रीय गजलकार अशोक समदर्शी, नवोदित गीतकार नरेंद्र सिंह (अतरी- गया) आदि के रचित गीतों को गाकर मगही को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। इन्होंने यह भी कहा कि रंगरंजन, मंचन व प्रदर्शन के माध्यम से मगही को अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक ख्याति मिली है। बिहार इप्टा के उपाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह, नवादा इप्टा के उपाध्यक्ष अशोक समदर्शी,प्रगतिशील लेखक संघ, नवादा के कार्यकारी अध्यक्ष शंभू विश्वकर्मा,निशा कुमारी,कविवर नरेंद्र सिंह, डॉ सुबोध कुमार,रमेश शर्मा, राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त इंजीनियर श्रीनिवास प्रसाद, डॉ ओंकार निराला,एसकेसिद्धार्थ, आनंद प्रकाश,मंसूर खां नादां सहित अन्य लोगों ने इन्हें बधाई संदेश भेजकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# नवादा : डीपीओ की जातिसूचक गालियों से मूर्छित हुई सीडीपीओ, आरोपों की जांच से खुलेगी भ्रष्टाचार की कलई



लोक तंत्र कीआवाज

**नवादा।** नवादा जिले के वारसलीगंज बाल विकास परियोजना के परियोजना पदाधिकारी प्रीति कुमारी ने नवादा जिले के आईसीडीएस के प्रोग्राम पदाधिकारी पर जाति सूचक गालियां देने से मूर्छित होने सहित कई आरोप लगाए हैं। जिससे जिला प्रोग्राम अधिकारी तथा कर्मचारी कटघरे में खड़े है। सीडीपीओ द्वारा भेजे गए पत्रांक 127 कारण बताओं नोटिस जवाबी पत्र में कहा गया है कि नियुक्ति की सुनवाई संबंधी संचिका समय पर नहीं पहुचाने के आरोप के जवाब में सीडीपीओ प्रीति कुमारी ने डीपीओ को लिखा है कि 4 मार्च 2025 को 12:00 बजे दोसुत ग्राम पंचायत में मेधासूची के 7वें नम्बर पर रही अभ्यर्थि की सेविका पड़ पर नियुक्ति सम्बंधित सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई थी । जिसके पत्र में संचिका लेकर मुझे 3:15 में हिना तबस्सुम ने संचिका लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हिना तबस्सुम जैसे विभाग के बाहरी लोगों को कार्यालय में रखकर न्यायालय सहित सभी तरह का कार्य लिए जाने पर सवाल उठाते हुए कई गंभीर मामले उठाये गए।उन्होंने कहा कि मुझे अकारण कार्यालय में बुलाकर जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया गया। गालियां दी गई। जिस कारण मैं तनाव में भर गई । तनाव के कारण कार्यालय से निकलने के बाद मूर्छित होकर गिरने की स्थिति में थी ।उसी समय महिला पर्यवेक्षाका तथा मेरे चालक ने मुझे गिरने से बचाया ।उन्होंने प्रोग्राम पदाधिकारी को यह भी कहा है कि अगर आपके उत्पन्न किए गए इस गलत तनाव से मेरे जीवन को खतरा होता है ।जिसकी सारी जिम्मेदारी आपके ऊपर ही होगी ।इसके पूर्व सेविका-सहायिका संघ के जिलाध्यक्ष विजय कुमार ने भी जिला प्रोग्राम कार्यालय में मिशन शक्ति के समन्वयक हिना तबस्सुम जिनका कार्यालय अलग है ।उन्हें हर दिन प्रोग्राम कार्यालय में बैठाकर सारे कामकाज कर कर शुभ लाभ के कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनके मोबाइल फोन से किन लोगों से क्या बात हुई है ।अगर इसकी जांच निष्पक्ष तथा ईमानदारी से कराया जाए, तो निश्चित तौर पर एक बड़े रकम की वसूली का भी पर्दाफाश होगा। सीडीपीओ प्रीति कुमारी ने यह भी लिखी है कि जब डीपीओ ने कार्यालय में बुलाया तो उनका दोनों मोबाइल जप्त कर लिया गया था। इससे साफ जाहिर है कि उनकी मनसा गाली देकर अपमानित करने की थी। सीडीपीओ के इस पत्र ने डीपीओ कार्यालय में हो रहे घोर भ्रष्टाचार तथा अराजकता की पोल ही खोलकर रख दी है ।अगर वरीय अधिकारी इन आरोपों की सघनता से जांच कराएं।तो एक बड़ा घपले के मामले का पर्दाफाश हो सकेगा । अब देखना है कि आलाअधिकारी इस संदर्भ में क्या निर्णय ले पाते हैं ।वारसलीगंज की सीडीपीओ प्रीति कुमारी से जब इस मामले में जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि जाति सूचक गालियां देने से मैं आज तक आहत हूं ।

# गया : भारतीय क्रिकेट के गौरवशाली इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ने का काम करेगी



लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और अटूट संकल्प के बल पर न्यूजीलैंड को हराकर विश्व चैंपियन का खिताब जीत लिया है। यह जीत न केवल खेल प्रेमियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे देश के लिए सम्मान और प्रेरणा का स्रोत भी है। इस ऐतिहासिक जीत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता सहित भाजपा मानवाधिकार संगठन के सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर भारतीय क्रिकेट के जीत पर बधाई और शुभकामनाएँ दीं है। हार्दिक और बधाई और शुभकामना दी बधाई और शुभकामनाएं देते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि भारतीय टीम ने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि मेहनत, समर्पण और खेलभावना के साथ किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। यह जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं है, बल्कि यह भारतीय क्रिकेट के गौरवशाली इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ने का काम करेगी। उन्होंने विशेष रूप से उन खिलाड़ियों की प्रशंसा की, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखा और पूरे टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन से देश का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि यह विजय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। भारतीय टीम के हर खिलाड़ी ने अपनी भूमिका को बखूबी निभाया और पूरी टीम ने एकजुट होकर सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ। यह जीत देश की खेल संस्कृति को और सशक्त करेगी और आगामी प्रतियोगिताओं में भारतीय खिलाड़ियों को और अधिक आत्मविश्वासप्रदानकरेगी।, संपूर्ण टीम, कोचिंग स्टाफ और सहयोगी सदस्यों को इस महान उपलब्धि के लिए बधाई दी और आशा जताई कि भारतीय क्रिकेट टीम भविष्य में भी ऐसे ही शानदार प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित करती रहेगी। बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष पूर्वी विजय कुमार मांझी पश्चिमी जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, दीपक पांडे राणा रणजीत सिंह अमरिंदर सिंह उर्फ पप्पू सिंह महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता विजय प्रसाद उर्फ काला नाग आदि लोग उपस्थित थे।

## जिला पंचायत राज पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई प्रधान लिपिक की बैठक



लोक तंत्र कीआवाज

सुनील कुमार
**नवादा ।** सोमवार को जिला पंचायत राज पदाधिकारी नवीन कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में प्रधान लिपिकों के साथ मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कैश बुक, सीडब्लूजेसी, एमजेसी, व्यवहार न्यायालय में लंबित वाद, विभागीय कार्यवाही की स्थिति, मानवाधिकार से संबंधित, माननीय लोकायुक्त, सूचना का अधिकार, सेवापुस्त का सत्यापन, सेवा लाभ, सेवान्त लाभ, एसीडीसी बिल, अंकेक्षण संबंधी अनुपालन, कार्य पुस्तिका, जन शिकायत निवारण से संबंधित विभागों के प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न प्रशासनिक एवं विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य मुख्य बिंदुओं पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। सभी विभाग द्वारा योजना के क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई एवं आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह अपने कार्यों को प्रभावी एवं पारदर्शित तरीके से संचालित करें ताकि प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता में सुधार हो और आम जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त हो जाने के उपरांत कैश बुक अप डेट हर हाल में रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी लिपिकों को कहा कि आपके कर्म में ही आईना है, इसलिए सही ढ़ंग से अपने कार्यों एवं कर्त्तव्यों का निर्वहन करेंगे। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने सेवांत लाभ से संबंधित कर्मियों का सेवानिवृत के दिन ही यथासंभव भुगतान करने का निर्देश दिया गया। सभी कर्मियों का एसीपी, एमएसीपी ससमय देने का निर्देश दिया गया साथ ही कहा कि सभी कर्मियों का सेवापुष्टि भी ससमय दिलाया जाय। एसीपी, एमएसीपी से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन के साथ सेवापुष्ट सभी विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सभी प्रधान लिपिकों को यह भी निर्देश दिया गया कि अपने-अपने कार्यालयों में त्वरित गति से कार्यो का निष्पादन करायें और सभी प्रकार का प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्रवाई, विधान सभा/विधान परिषद से संबंधित प्रश्न, मानवाधिकार, न्यायालय में लंबित मामलों में विस्तृत प्रतिवेदन के साथ बैठक में आने का निर्देश दिया। बैठक में सभी प्रधान सहायक, प्रखंड स्तरीय सभी कार्यालय के अधिकारी एवं सभी प्रभारी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# होली पर्व को लेकर परना डाबर थाना परिसर में की गई शांति समिति की बैठक,रहेगी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम





लोक तंत्र कीआवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता
**सिरदला नवादा।** परना डाबर थाना परिसर में रंगों का त्योहार होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपेश कुमार व थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी की अध्यक्षता में की गई।परना डाबर थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने होली पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। होली पर सुरक्षा के मदे नजर नवादा पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही है। होली के रंग में भँग ना पड़े, इसको लेकर पुलिस की तरफ से विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जिले में जगह-जगह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वही होली पर्व पर किसी तरह का सौहार्द ना बिगड़े इसके लिए पुलिस ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों मुखिया सदस्यों के साथ शांति समिति की बैठक की जा रही है। जिले के सभी थाना प्रभारी को होली पर सुरक्षा के मदे नजर जिला मुख्यालय से जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। होली के दिन अगर कोई शराब पीकर वाहन चलाते हुए मिलता है तो उसे पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही होलिका दहन को लेकर भी सभी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी ने कहां कि होली के बहाने हुड़दंग करने वाले, अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। डीजे नहीं बजाना है, अश्लील गाना नहीं बजाना है, डीजे बजाते हुए पकड़े जाने पर साउंड बॉक्स मशीन समेत जप्त कर उसके संचालक पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। होली के दिनों में गांवों बाजारों में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि शराब बंदी व अपराध नियंत्रण के मामले में आप सभी के सहयोग की अपेक्षा है। समाज सेवीयों ने भी प्रखंड में होली पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। तथा उन्होंने कहा कि हुड़दंगी पकड़े जाने पर बक्से नहीं जाएंगे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश कुमार यादव, सरपंच प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव, अपर थाना अध्यक्ष, संजय कुमार द्विवेदी, राकेश कुमार गौतम, दर्जनों मुखिया प्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित थे।

## नवादा के गोदाम में लगी भीषण आग, 50 लाख का होली का सामान जलकर खाक



लोक तंत्र कीआवाज

सुनील कुमार
**नवादा ।** नवादा के चार मंजिलें की एक श्रृंगार गोदाम में अचानक आग लग गयी , जिसके बाद बाजार में अफरातफरी का माहौल हो गया .मौके पर पहुंची कई दमकल की गाड़ियां, नहीं पाया गया आग पर काबू. आग बुझाने में कई दमकल की गाड़ियां मौके पर मौजूद होकर बचाव कार्य में जुटी है .शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताया जा रहा है। बता दें कि नवादा नगर थाना क्षेत्र के मुस्लिम रोड स्थित एक गोदाम में भीषण आग लग गई. गोदाम में रखा होली का सारा सामान रखा गया था ,जो जलकर राख हो गया. आगलगी की घटना रविकांत के गोदाम में हुई है, उन्हें सूचना मिली कि घर के नीचे गोदाम में आग लग गई है. परिवार के लोग पहुंचे, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। स्थानीय लोगों ने पहले पाइप से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतना भयानक था कि आग पर काबू नहीं पाया गया. तभी लोगों ने अग्निशामक विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बड़ी और छोटी दोनों गाड़ियों के साथ दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे. गली संकीर्ण होने के कारण दमकल विभाग को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है. आग धीरे-धीरे और भी भयानक रूप लेते जा रहा है, जिसके कारण अभी तक आग पर काबू नहीं पाया गया है. हालांकि अभी दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटी हुई है। घटनास्थल पर मौजूद समाजसेवी जितेंद्र प्रताप जीतू ने बताया कि गोदाम में होली के लिए थोक में खरीदी गई पिचकारी, गुब्बारे और अन्य सामान रखा था।

## संक्षिप्त खबरें

### हरदोई : जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की बैठक



**ब्यूरो रितेश मिश्रा**

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को राजस्व मामलों में जनपद के मण्डल में प्रथम स्थान व प्रदेश में छठवा स्थान मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि योजनाओं की प्रगति की निरंतर समीक्षा की जाये। निर्माण कार्यों में समय व गुणवत्ता का ध्यान रखा जाये। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से प्री मैट्रिक सकॉलरशिप में ख़राब श्रेणी मिलने तथा समय से फ़ाइल का प्रचालन न करने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जतायी तथा वरिष्ठ सहायक व पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पिछड़ा वर्ग के विरुद्ध कार्रवाई के लिए शासन को पत्र प्रेषित करने को कहा। वरिष्ठ सहायक अमर कान्त के निलंबन के लिए निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त उद्योग के बिना सूचना बैठक से अनुपस्थित रहने व ख़राब रैंकिंग पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने प्रतिकूल प्रविष्टि देने व एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही वरिष्ठ सहायक को प्रविष्टि देने को कहा। लोक निर्माण विभाग की प्रगति ख़राब होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि फाइलों का प्रचालन ई ऑफिस के माध्यम से किया जाये। बिजली विभाग को निर्देश दिए कि जेई लोगों का फोन अवश्य उठायें। आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि शिकायत निस्तारण में गुणवत्ता व समय का पूरा ध्यान रखा जाये। जाँचकर्ता अधिकारी मौके पर जाकर शिकायत की जाँच करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 260 लीटर शराब के स्टॉक के साथ कारोबारी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली।** थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं सौहार्द रूप से होली एवं रमजान मनाए जाने को लेकर पुलिस व प्रशासन काफी सक्रिय दिख रहे हैं।विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर क्षेत्र में शराब से संबंधित गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।बीते रविवार की रात्रि गुप्त सूचना के आलोक में पुलिस बलों ने लेंगूरा पंचायत के धमौल टोला से स्टॉक करके रखे हुए 260 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया।साथ ही शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया।पुलिस की सक्रियता को देखकर त्योहार के मद्देनजर शराब माफिया देशी व विदेशी शराब को स्टॉक करके अधिक कीमतों में बेचने को लेकर जुटे हुए हैं।वहीं पुलिस एवं उत्पाद बल शराब माफियाओं के मंसूबों पर पानी फेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते रात्रि लेंगूरा के धमौल टोला के उदयपुर स्थित एक घर में शराब के स्टॉक को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाने में पदस्थापित एसआई दशरथ चौधरी को सशस्त्र पुलिस बलों के साथ छापेमारी हेतु भेजा गया।छापेमारी के दौरान पुलिस बलों ने उदयपुर निवासी कालो राजवंशी के पुत्र सकिंदर राजवंशी उर्फ सत्येंद्र राजवंशी के घर के समीप उजले रंग के प्लास्टिक की छोटे-छोटे थैली में स्टॉक करके रखे कुल 260 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया।साथ ही शराब धंधेबाज सकिंदर राजवंशी उर्फ सत्येंद्र राजवंशी को गिरफ्तार किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार शराब धंधेबाज के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल में गिरफ्तार व्यक्ति का स्वास्थ्य जांच करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष ने आमलोगों से अपील किया कि वे शराब से संबंधित गतिविधियों की सूचना गुप्त रूप से थाने के सरकारी मोबाइल नंबर पर दें, सूचनाकर्ता का पहचान गोपनीय रखा रखा जाएगा।

# पत्रकार एकता एसोसिएशन हरदोई ने डीएम को सीएम से सम्बंधित भेजा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रितेश मिश्रा**

हरदोई बिगत दिवस जनपद सीतापुर में दिनदहाड़े दैनिक जागरण पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में सोमवार को हरदोई में पत्रकार एकता एसोसिएशन उत्तर प्रदेश रजिस्टर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में पत्रकारों द्वारा निकाले गए जुलूस' से शहर का जर्रा-जर्रा दहल उठा। पत्रकारों की एक ही आवाज कि पत्रकार के हत्यारों को फांसी दो फांसी दो, पत्रकारों के लिए कानून लागू हो, पत्रकारों ने अंबेडकर पार्क निकट पी डब्लू डाक बंगला हरदोई से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाल कर कलेक्ट्रेट में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन में पत्रकारों ने सरकार से मांग की है कि सच लिखने वाले पत्रकार को गोली मारकर हत्या करने बालों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। सभी हत्यारों को फांसी दी जाए और उनके मकानों पर बुल्डोजर चलाया जाए। ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने सरकार को बताया कि सीतापुर में ही पत्रकार की हत्या से प्रदेश भर के पत्रकारों में रोष है पत्रकारों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन देकर प्रदेश सरकार से मांग की है कि मृतक पत्रकार के परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए और मृतक की पत्नी को नौकरी दोनों बच्चों की पढ़ाई का खर्चा उठाए। उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया जाए। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश राठौर, इमरान खान मानवेन्द्र कुमार, मुईन खान, राशिद खान, लाल मोहम्मद, कपिल मिश्रा, उर्फ लकी, नवनीत शुक्ला, मो० उमर खां, प्रदीप सिंह, राघवेन्द्र सिंह, अंकित कुमार, अंजार हुसैन, पवन वाजपेई, आदिल खान, विनय शुक्ला, अवनीश कुमार, राम-लखन गौतम, सरोज तिवारी, इमरान खान, सर्वेश सिंह, मो० जाकिर, ओपी सिंह सोमवंशी, सहित सैकड़ों की संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

**सीतापुर में हुए पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई हत्याकांड में पत्रकारों ने जताया जबरदस्त विरोध प्रदर्शन**



## सीतापुर दिनदहाड़े पत्रकार की हत्या मे जिला बिजनौर के पत्रकारों ने कड़ी कार्रवाई की मांग

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार को गोली मारकर की हत्या किए जाने का हम समस्त मीडिया कर्मीएवं सिटी प्रेस क्लब नजीबाबाद उत्तर प्रदेश सरकार से हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार करने , पत्रकार के परिवार को एक करोड रुपए की सहायता राशि देने व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की करते हैं । उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई को बाइक सवार पर चलते हुए हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई ।उत्तर प्रदेश सरकार से अनुरोध है कि पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई को उनके परिवार वालों की मदद करें और आरोपियों को सजा देकर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई खिलाफ कार्रवाई की जाए।और भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसा अपराध पत्रकारों के साथ करता है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाहीं की जानी चाहिए। अतः श्रीमान जी सिटी प्रेस क्लब नजीबाबाद मांग करता है कि आरोपियों के खिलाफ समय रहते कार्रवाई करने एवं मृतक के परिजनों को समय से मुआवजा राशि देने ,और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की कृपा करें। लोकतंत्र की आवाज समाचार पत्र प्रबंध संपादक मुकेश कुमार संवाददाता गुरप्रीत सिंह रोहित कुमार सिटी प्रेस क्लब नजीबाबाद नईम सिद्दीकी अध्यक्ष जितेन्द्र जैन टी एस मालिक हिफजुर्रहमान मुशर्रफ अली खिज़र अहमद मीडिया प्रभारी राजवीर सिंह कुलदीप राजपूत रमेंद्र सिंह अंकित शर्मा वही शेरकोट सीतापुर जिले में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की दिनदहाड़े हत्या से पत्रकार समुदाय में गहरा रोष है। इमलिये सुल्तानपुर हाइवे के हेमपुर ओवरब्रिज पर शनिवार को अज्ञात बदमाशों ने राघवेंद्र वाजपेयी को गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इस घटना के विरोध में बिजनौर जिले के शेरकोट में पत्रकारों ने शोक सभा का आयोजन किया। मोहल्ला वीरथला स्थित पत्रकार अमिष रस्तोगी के आवास पर आयोजित इस सभा में पत्रकारों ने आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

## सीतापुर : लखनऊ आखिर अपराधियों को बगैर लाइसेंस कहां से मिल रही कारतूस ?



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश कुमार**

**सीतापुर।** दागी को लाइसेन्स मिलता नही, असलहाधारी से होती लिखा पढ़ी तो तीसरा क्या हो सकता है जुगाड़ देशी अवैध तमन्चों की फैक्ट्रियों को बंद करने के लिये पुलिस महकमा चला रहा अभियान आखिर अपराधियों के पास कारतूसे कहा से आ रही है ? इस प्रश्न को लेकर संवाददाता कई पुलिस अधिकारियों से वार्ता की जानकारों से बातचीत की लेकिन इसकी कोई भी ठोस जानकारी नही मिली कि आखिर अपराधियों के पास से कारतूसे कहां से आ रही है। एक दो नही पुलिस महकमें के कई जिम्मेदारों से बात की गई तो वह भी सही जवाब नही दे सके। बस घूम फिर कर उंगली गन हाउसों पर ही उठ रही है। पुलिस अधिकारियों की माने तो दागी को शस्त्र लाइसेन्स मिलता नही है और बिना लाइसेन्स के कारतूसे मिल पाना असंभव है असलहाधारी को कारतूसो की लिखा पढ़ी करवानी पड़ती फिर इस तरह से अपराधियों के पास कारतूसे मिलने को रास्ता दिखाई नही दे रहा है। केवल दो ऐसे सुराग हो सकते है जिससे अपराधियों तक कारतूसे पहुंच रही हो। पहला तो यह कि इन अपराधियों ने किसी असलहाधारी से जुगाड़ बना बना रखा या फिर अपराधी गनहाउसों के सीधे सम्बन्ध में हो सकते है। और कारतूसों की कालाबाजारी हो सकती है। अवैध तमंचों को लेकर पुलिस अफसरों का दावा है कि लगातार कार्यवाही की जा रही है और एक तरह से अभियान चलाकर छापामार कार्यवाही के जरिये अवैधे शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्रियों को पकड़ा जा रहा है और कारोबियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। हर्ष फायरिंग पर रोक फिर खोखे आते कहां से शस्त्र लाइसेन्स धारको द्वारा हर्ष फायरिंग पर भी रोक है अगर कोई लाइसेन्सधारी हर्ष फायर करता है तो उसका लाइसेन्स तक निरस्त किया जा सकता है ऐसे में जिला मुख्यालय के कई गेस्ट हाउसों में रोक के बाद भी मांगलिक कार्यक्रमों में कई बार लाइसेन्सधारी असलहा लिये दिखाई देते है। अगर जारी आदेशों पर ध्यान दिया जाये हर्ष फायरिंग पर रोक लगाई गई है वही दूसरी तरफ बगैर खोखे जमा किये गनहाउस संचालक नई कारतूस लाइसेन्स धारको को नही देते है अब सवाल यह उठता है कि जब हर्ष फायिरंग पर रोक लगाई गई है तो यह लाइसेन्सधारी कारतूस ले जाने के बाद खाली खोखे किस प्रकार लाकर गनहाउस संचालको को जमा करते है। जो कि एक बहुत बड़ा सवाल बनकर समाज में खड़ा है।

## होली पर्व के मद्देनजर ग्राम प्रधान ने ग्राम सभा की महिलाओं को उपहार स्वरूप एक-एक साड़ी की भेंट

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रितेश मिश्रा**

**कछौना, हरदोई।** होली पर्व के अवसर पर विकासखंड कछौना की ग्राम सभा बालामऊ के ग्राम प्रधान आलोक कुमार वर्मा उर्फ विपिन ने ग्राम सभा की सभी महिलाओं को साड़ी उपहार स्वरूप भेंट की। होली के अवसर पर महिलाओं को साड़ी उपहार स्वरूप पाकर काफी खुशी मिली। ग्राम प्रधान आलोक कुमार उर्फ बिपिन ग्राम सभा के सभी सदस्यों को परिवार के रूप में मानते हैं। वह उनके सुख-दुःख में सदैव खड़े रहते हैं। गांव के विकास के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ अपने व्यक्तिगत आर्थिक पूंजी से समय-समय पर कार्य करते रहते हैं। ग्राम सभा के प्रमुख चौराहों व मंदिर व मस्जिद पर बिना कोई भेदभाव के वाटर कूलर लगवाएं हैं। ग्रामीणों को गर्मियों के मौसम में वह ठंडा पानी मिल रहा है। ठंड के मौसम में जरूरमंद दिव्यांग, विधवा, पुरुष एवं महिलाओं को वितरित करते हैं। वही सरकारी योजनाओं में पात्र व्यक्तियों को बिना कोई सुविधा शुल्क के लाभ दिलाते हैं। ग्राम प्रधान के सही नेतृत्व में गांव का कायाकल्प हो रहा है। ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए कार्यों की ग्रामीण सराहन कर रहें है। विकासखंड कछौना सहित जिले में ग्राम प्रधान एक आदर्श स्थापित कर रहे हैं। उनके सहयोगी प्रधान उनसे प्रेरणा लेते हैं।

## हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रितेश मिश्रा**

हरदोई बेसिक शिक्षा विभाग व बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के समन्वय से 10 मार्च को वैभव लॉन हरदोई में जनपद स्तरीय हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती वर्मा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह ,जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार व प्रवक्ता डायट हरदोई उमेश चंद्र के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ क्रिया। प्रभारी जिला समन्वयक प्रशिक्षण दिलीप शुक्ला ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए आये हुए अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। नोडल एसआरजी आशीष मिश्र ने बताया कि कोलोकेटेड आंगनबाड़ी




केंद्रों पर बालवाटिका के बच्चे विद्यालय के कक्षा 1 के बच्चों के साथ नोडल शिक्षक की सहायता से गतिविधियो के माध्यम से सीख रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को करायी जा रही गतिविधियों की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मा० प्रेमावती वर्मा ने कहा कि समय तेजी से बदल रहा है। वर्तमान सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जो परिवर्तन किये गए वह वास्तव में सराहनीय है। निपुण भारत मिशन के तहत हमारा जनपद व प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री विजय प्रताप सिंह ने शिक्षकों द्वारा किये जा रहे नवाचारों की सराहना की। कार्यक्रम में प्रत्येक विकास खण्ड से उत्कृष्ट कार्य करने वाले नोडल शिक्षक संकुल, नोडल शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइजर को शॉल, शील्ड व प्रशस्ति पत्र एवं 2-2 निपुण बच्चों को शील्ड, स्टेशनरी व 500 नकद रुपये के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नोडल एसआरजी आशीष मिश्र ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक मनीष मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसआरजी आशीष मिश्र के साथ शशांक मिश्र, एमआईएस इंचार्ज शैलेन्द्र झा, एआरपी अभिषेक मिश्र, अभय सिंह, सचिन मिश्र, रजनीश देवल, शैलेन्द्र कुमार, वैभव सिंह, मयंक सिंह, हरिहर नारायण शुक्ला, नीलेश सिंह व आदित्य कुमार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन भोजनोपरान्त हुआ।

## लखनऊ : राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी लखनऊ को ज्ञापन सौंपा

लोकतंत्र की आवाज



**लखनऊ।** भारतीय किस उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद के नेतृत्व में संगठन के तमाम पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी लखनऊ को ज्ञापन सौंपा ' सीतापुर जनपद के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या करने वाले दोषियों को अविलम्ब गिरफ्तार करने तथा मृतक आश्रित को सरकारी नौकरी एवं पारिवारिक जनों को एक करोड रुपए क्षतिपूर्ति के रूप में दिलाए जाने की मांग की ' सीतापुर जनपद के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या किए जाने से हर वर्ग में रोष व आक्रोश है ' व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की हत्या होना बहुत ही शर्मनाक एवं दुखद घटना है ' इसकी कटु शब्दों में जितनी भी निंदा एवं भरत्सना की जाए वह कमतर ही है ' राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज ने कहा कि जब-जब पत्रकार किसी भ्रष्टाचार घूसखोरी या घोटाले की खबर छपता है तब तब उसे पर अपराधी प्रवृत्ति के लोग या तो उसकी हत्या कर देते हैं या फिर कुछ चक्र रचाकर फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवा देते हैं यह बहुत ही घोर अन्याय है ' कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण है और वह समाज के सामने सच को दर्शाता है ऐसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को दबाना एवं कुचलना घोर अन्याय है ' राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा की मृतक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई का पूरा परिवार इस समय घनघोर दुख एवं संताप के घेरे में है और उनकी जान भी खतरे में है इसलिए उनकी सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी भी शासन प्रशासन की बनती है उन्होंने सरकार से मांग करी कि मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए एवं क्षतिपूर्ति के रूप में एक करोड़ रूपया अति शीघ्र उपलब्ध कराया जाए इसके अलावा पत्रकार की सुरक्षा के संबंध में जो कानून बनाए गए हैं उनको जमीनी धरातल पर उतार कर पत्रकारों की रक्षा सुरक्षा प्रदान की जाए ' राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मांग की कि पत्रकार के हत्यारे की अति शीघ्र गिरफ्तारी की जाए एवं पत्रकार द्वारा घोटाले की जो खबर प्रकाशित की गई थी उसकी गहन जांच कर कर उसमें संलिप्त दोषियों को जेल भेजा जाए एवं कड़ी सजा दी जाए । उक्त कार्यक्रम मे मनीष द्विवेदी राष्ट्रीय महामंत्री यश के पांडेय उपाध्यक्ष प्रतिपाल यादव जिला अध्यक्ष लखनऊ सईद अहमद प्रदेश संरक्षक अध्यक्ष दुबग्गा परिक्षेत्र इशरत अली मंत्री दुबग्गा परिक्षेत्र मोहम्मद फैज अब्दी प्रदेश उपाध्यक्ष रेहान सिद्दकी कोषाध्यक्ष दुबग्गा परिक्षेत्र शिवसरूप गुप्ता महामंत्री सुधांशु द्विवेदी सोनू यादव पवन वर्मा अमीर सिद्दीकी संदीप यादव सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

## आगामी होली के त्योहार को मुद्दे नजर रखते हुए उप जिलाधिकारी की संयुक्त टीम ने खाद्य पदार्थों के नमूने भरे

लोकतंत्र की आवाज

**कालपी उरई ।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 लखनऊ व जिलाधिकारी के आदेशानुसार आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज सुशील कुमार सिंह उपजिलाधिकारी कालपी के नेतृत्व में डॉ0 जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त खाद्य, प्रेम कुमार त्रिपाठी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अनिल कुमार शंखवार ,कन्हैयालाल यादव, महेश प्रसाद, सुनील कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी के सचल दल द्वारा तहसील कालपी के टरननगंज में स्थित श्याम किशोर के परिसर से खाद्य पदार्थ नमकीन का नमूना संग्रहित किया गया, एवं राजेंद्र प्रसाद के परिसर से खाद्य पदार्थ मखाना का नमूना संग्रहित किया



गया। धर्मेंद्र कुमार के परिसर से खाद्य पदार्थ पनीर का नमूना, राधा मोहन ट्रेडर्स के परिसर से खाद्य पदार्थ घी का नमूना, श्रीराम गुप्ता के परिसर से खाद्य पदार्थ बेसन का नमूना, उदय गुप्ता कालपी के परिसर से मिर्च पाउडर व चिप्स का नमूना, कदौरा बस स्टैंड पर स्थित अनिल कुमार के परिसर से खोया का नमूना, सुनील कुमार के परिसर से खाद्य पदार्थ बूंदी का लड्डू व मिल्क केक का नमूना, राम शिरोमणि के परिसर से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य कारोबारकर्ताओं को साफ-सफाई हेतु निर्देश जारी किये गये एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ की ब्रिकी हेतु जागरूक किया गया। आगामी होली पर्व के दृष्टिगत कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

# लेखपालों सहित 12 हिरासत में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की हत्या के मामले में अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश कुमार**

**सीतापुर ।** शनिवार को दिनदहाड़े दैनिक जागरण के महोली संवाददाता राघवेंद्र बाजपेयी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने उनकी पत्नी रश्मि बाजपेयी की तहरीर पर रविवार को अज्ञात आरोपितों के ७ खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीतापुर के एसपी चक्रेश मिश्र ने बताया कि पुलिस टीमें विभिन्न बिंदुओं पर काम कर रही राघवेंद्र वाजपेयी फाइल फोटो हैं। चार लेखपालों समेत 12 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस दौरान पुलिस को कुछ अहम सुराग लगे हैं। जल्द ही वारदात का अनावरण किया जाएगा। उधर, पीड़ित परिवार अंतिम संस्कार से पहले दोषियों पर कार्रवाई कर न्याय, नौकरी व आर्थिक सहायता की मांग पर अड़ रहा। बाद में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन पर अंत्येष्टि की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय भी सुबह पीड़ित परिवार से मिले। राघवेंद्र की पत्नी रश्मि बाजपेयी ने रविवार को महोली कोतवाली में रेकी कर हत्या किए जाने की न्याय, नौकरी व मुआवजे की मांग पर अड़े स्वजन, आश्वासन मिलने पर माने तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चार टीमें गठित कर दीं। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के आसपास 500 मीटर की रेंज में सक्रिय 18 हजार मोबाइल फोन नंबरों



को तीन श्रेणियों में बांटकर छानबीन की जा रही है। शनिवार शाम साढ़े तीन बजे लखनऊ-बरेली हाईवे पर इमलिया सुलतानपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने की फोन पर बात अजय राय घर पहुंचे बदमाशों ने बाइक सवार राघवेंद्र को रोका और घेरकर पहले पीठ पर गोली मारी। जब वह सड़क पर गिर गए तो उनके सिर में सटाकर गोली मार दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चार गोलियां मारे जाने की पुष्टि हुई है।

रविवार सुबह से ही दिवंगत पत्रकार के घर रिश्तेदारों, प्रमुख सामाजिक व राजनीतिक हस्तियों का आना जाना शुरू हो गया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, भाजपा अवध क्षेत्र अध्यक्ष कमलेश मिश्र, सांसद आनंद भदौरिया व अपनादल (कमेरावादी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष पल्लवी पटेल ने शोकाकुल परिवारजन को ढांढस बंधाया। अजय राय ने कहा कि दो दिन में वारदात का अनावरण नहीं होने पर कांग्रेस प्रदेशभर में प्रदर्शन करेगी। जिलाधिकारी और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से आश्वासन मिलने पर दोपहर करीब दो बजे स्वजन अंतिम संस्कार को तैयार हुए। इसके बाद नैमिषारण्य में अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि पिता महेंद्र बाजपेयी ने दी।

**अखिलेश ने उठाए सवाल:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्रकार की हत्या पर सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि दिन दहाड़े हत्या कानून व्यवस्था पर भाजपा सरकार की जीरो टालरेंस की नीति की पोल खोल रही है। जब सरकार खुद हिस्ट्रीशीटरों और अपराधियों का विधानसभा में खड़े होकर महिमामंडन करेगी तो कानून व्यवस्था कैसे सुधरेगी ? अखिलेश ने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार इस स्तर तक पहुंच गया है कि ऐसे मामलों को उजागर करने वाले पत्रकारों को धमकिया मिल रही है।

## लखनऊ मे हो रहे असपा के प्रर्दशन के मद्देनजर कल रात से प्रशासन कड़ी नजर जमाये हुये हैं आसपा कार्यकर्ताओ पर

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश कुमार**

**नजीबाबाद।** नगर पंचायत साहनपुर चेयरमैन व आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी को उन के नजीबाबाद स्थित - आवास पर पहुंच कर स्थानीय पुलिस ने नजरबंद किया कर दिया। आजाद समाज पार्टी काशीराम के ईराष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना लोकसभा ना सांसद चंद्रशेखर आजाद के प आवाहन पर उन के साथ लखनऊ ना विधानसभा घेराव कार्यक्रम में जाने की तैयारी कर रहे थे चेयरमैन



रविवार को शाम मौहल्ला बांसफोडान स्थित नगर पंचायत साहनपुर चेयरमैन व आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी अपने ह समर्थकों के साथ पार्टी के लखनऊ में होने वाले विधानसभा घेराव कार्यक्रम में जाने के लिए घर से निकल रहे थे तभी उन्हें स्थानीय पुलिस ने उनके आवास पर पहुंच कर हाउस अरेस्ट कर दिया। इस मौके पर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि पार्टी के प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम से सत्ता में बैठी सरकार घबरा गई है। उन्होंने कहा कि सांसद चन्द्रशेखर आजाद दबे कुचले समाज की लड़ाई लड़ रहे हैं। वह निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा कर रहे हैं। पूरे देश में जहां भी दबे-कुचले समाज पर अत्याचार होता है, तो सांसद चन्द्रशेखर आजाद वहां पर पहुंच कर मजबूती के साथ विरोध करते हुए आवाज उठाते हैं। उन्होंने दबे कुचले समाज को न्याय दिलाने एवं एवं उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया है। वह ड्राइंग रूम की राजनीति नहीं करते हैं। उनकी पहचान सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने की रही है। जिस से केन्द्र और प्रदेश सरकार घबराई हुई है।चेयरमैन साहनपुर व असपा के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने आगे कहा कि पार्टी से जुड़े लोग लखनऊ ना पहुंच सके इसलिए। सत्ता में में बैठी सरकार कूटनीति का प्रयोग कर रही है।

# डॉ. एलकेवीडी कॉलेज, ताजपुर में मेगा जॉब फेयर का आयोजन, 400 उम्मीदवारों ने लिया भाग

लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार**

**ताजपुर/समस्तीपुर।** डॉ. एलकेवीडी कॉलेज, ताजपुर में अगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम भारत और इंफोसिस फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ.प्रभात रंजन कर्ण और कौशल प्रबंधक बिहार ने किया। इस रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियों के एचआर प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जहां कॉलेज के स्नातक छात्र और युवा जंक्शन के पूर्व छात्र अपनी करियर आकांक्षाओं के अनुसार नौकरियों के लिए उपस्थित हुए।जॉब फेयर में कुल 400 उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें 80 महिला अभ्यर्थी शामिल थीं।



इस प्रक्रिया के तहत 56 अभ्यर्थियों का चयन टाटा मोटर्स में हुआ। जिसमें 3 महिला उम्मीदवार भी शामिल हैं। इसके अलावा, मॉथरसन (नोएडा) के लिए 8 उम्मीदवारों का चयन हुआ। जबकि वेस्टर्न रेफ्रिजरेशन में 12 अभ्यर्थियों को नौकरी मिली। फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस में 10 उम्मीदवार सफल रहे, वहीं मुजफ्फरपुर स्थित वी2 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में 12 महिलाओं को रोजगार मिला। चयनित उम्मीदवारों को गुजरात और नोएडा में औसतन ₹14,500 मासिक वेतन पर नियुक्त किया जाएगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को कंपनियों की ओर से लेटर ऑफ इंटेंट वितरित किया गया। जिससे उनके रोजगार की पुष्टि हुई। इस पहल से ग्रामीण बेरोजगारी को कम करने और युवाओं को बेहतर करियर अवसर प्रदान करने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केवल नौकरियां उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि उम्मीदवारों को सही मार्गदर्शन देकर उनके भविष्य को दिशा देना भी है। इस अवसर पर केंद्र प्रबंधक कुमार प्रिंस गौरव, शालिनी प्रिया, अभिषेक कुमार, अनुपम कुमारी, आफताब, सुजीत, सत्य देव, सत्य प्रकाश महाविद्यालय के सभी शिक्ष एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिथान में होली मिलन समारोह आजोजीत कई राजनीतिक दल के नेता दिखे एक साथ



लोकतंत्र की आबाज

बिथान/समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के इंदु गुप्ता बैंकेट हॉल बिथान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कई राजनीतिक दलों के नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ताएं एक–साथ नजर आए। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता इंदु गुप्ता ने गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सिर्फ होली मिलन समारोह ही मिलने–जुलने का त्योहार है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में सब भाई–भाई हैं। यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। खुशी का माहौल है। सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि होली में तो गैर भी गले मिलते हैं। राजनीतिक दल के लोग अलग–अलग हो सकते हैं, लेकिन दिल एक है।चुनावी साल होने के कारण इस होली मिलन की चर्चा राजनीतिक गलियारों में भी हो रही है। मौके पर सत्यनारायण यादव, मुखिया राजेश कुमार यादव, सौरभ कुमार, संदीप कुमार,रजनीश कुमार, पूर्व प्रखंड प्रमुख जवाहर यादव,जवाहर साह,पन्नू साह, फूल कुमार समेत सैकड़ो महिला एवं पुरुष शामिल थे।

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत



लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। दोपहर पीरपैंती थाना क्षेत्र में रेलवे लाइन के पास एक अज्ञात महिला की मौत हो गई। महिला भिखारी प्रतीत होती है।पुलिस को सूचना मिली कि एक अज्ञात महिला की मौत रेल से कटकर ही गई है।पुलिस सूचना के सत्यापन में जब वहां पहुंची तो वहां एक महिला की लाश पड़ी हुई थी एफ अल सी टीम को बुलाया गया। अग्रतर कार्रवाई की गई । लाश को पोस्टमार्टम हेतु भागलपुर भेज दिया गया।. महिला की पहचान नहीं हो पाई। परंतु शिवनाथ रेलवे केबिन मैन ने यह पहचान किया कि यह महिला पिछले 5–6 दिनों से रेलवे स्टेशन के आसपास के क्षेत्र में घूम कर भीख मांग कर खाया करती थी ।इस महिला की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष है। महिला के पास एक झोला भी पाया गया है जिसमें काफी सड़ा गला कपड़ा वगैरह था। अन्य लोगों ने महिला को भीख मांगते हुए घूमने की पुष्टि किया।

### बहुजन चेतना केन्द्र, बिहपुर पहुँचे-अशोक महतो, गौतम कुमार ने अंगवस्त्र से किया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। राजद के बहुचर्चित नेता सरदार अशोक महतो सोमवार को दोपहर बिहपुर के बहुजन चेतना केन्द्र पहुँचे । मौके पर साथ ही धनुषवंशी धानुक एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र कठेरिया, प्रदेश संयोजक बिहार के रामदास राय, राजद के पूर्व विधायक प्रदीप महतो, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ राजद के प्रदेश महासचिव मुकुल सरदार, घोसवरी पटना के जिला परिषद मनोज कुमार, धमदाहा नगरपंचायत अध्यक्ष पंकज राय का राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम ने स्वागत किया।वही अशोक महतो ने कहा कमजोरों को एकजुट होना है, इसी एकजुटता से सामाजिक न्याय और आर्थिक न्याय स्थापित होगा।

## रुद्र सेना का होली मिलन समारोह में शामिल हुए राजद नेता संतोष कुमार तिवारी




लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** सोमवार को भागलपुर जिला के बिहपुर के डाक बंगला परिसर में रुद्र सेना संगठन का होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्षता बिट्टू चौधरी व संचालन राजेश कुमार ने की।मौके पर मुख्य अतिथि राजद सैनिक प्रकोष्ठ के महासचिव सह पूर्व सैनिक योद्धा संतोष कुमार तिवारी,जनसुराज के नवगछिया जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी उर्फ नुनू पूर्व जिप सदस्य घंटू सिंह, राम-जानकी ठाकुरबाड़ी के महंत नवल किशोर दास सब ने एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। रुद्र सेना के कार्यकर्ताओं ने होली गीत से कार्यक्रम में समा बांधा।

मौके पर विभूति चौधरी, निरंजन साह ,सौरभ कुमार चौधरी, शंकर राय,धन्नू कुमार, गौरव कुमार,मुरली कुमार,राजु कुमार आषुतोष कुमार हेमंत कुशवाहा, संजीव लाल , प्रिंस वर्मा,सत्यम सहित संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।राजद के सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव संतोष कुमार तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि होली का पर्व भाईचारा एवं आपस में मोहब्बत संदेश देता है। संतोष कुमार तिवारी ने क्षेत्र वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपील किया है कि शांतिपूर्वक होली पर्व को मनाएं साथ ही साथ बिहपुर का जो इतिहास रहा है भाईचारे का इसको बरकरार रखें। बिहपुर राम जानकी ठाकुरबारी के महंत नवल किशोर दास ने कहा कि हिंदुस्तान एक ऐसा देश है जहां सभी धर्म जाति के लोग एक साथ सभी पर्व करते हैं। होली का पर्व एक भाईचारे का संदेश देता है।

## साहेबगंज समहरणालय परिसर में हर्बल गुलाल स्टॉल का उद्घाटन



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**साहेबगंज ।** साहेबगंज समहरणालय परिसर में पलास खरछढर के हर्बल गुलाल स्टॉल का उद्घाटन जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। हर्बल गुलाल प्राकृतिक सामग्रियों से तैयार किया गया है, जो पर्यावरण और स्वास्थ्य के अनुकूल है। उपायुक्त ने पहल की सराहना करते हुए इसे स्थानीय उद्यमिता और पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कदम बताया। उपस्थित पदाधिकारी और नागरिकों ने भी हर्बल गुलाल की गुणवत्ता की प्रशंसा की।

## पाकुड़ में बाधित है दाखिल खारिज ऑनलाइन कार्य, समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिली विधायक निसात आलम

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**बरहरवा।** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम ने झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन से उनके रांची कार्यालय में मुलाकात कर पाकुड़ में पिछले 3 महीने ( जनवरी 2025 ) से बाधित ऑनलाइन दाखिल खारिज प्रक्रिया ठीक करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है ।



विधायक निसात आलम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बताया कि पाकुड़ में ऑनलाइन दाखिल खारिज झारभूमि वेबसाइट के माध्यम से की जाती है लेकिन इसमें जनवरी माह से काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा है लोगों को कई महत्वपूर्ण कार्य नहीं हो रहे हैं दाखिल खारिज का सारी प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी करने के बाद राजस्व कर्मचारी के लॉगिन आईडी से अंचल निरीक्षक के लॉगिन आईडी में फॉरवर्ड नहीं हो रहा है इसमें केस ऑफ वेरिफिकेशन क्लिक करने पर एरर मैसेज 504 गेटवे टाइम आउट प्रदर्शित होता है और आगे फॉरवर्ड नहीं होता है

विधायक निसात आलम ने कहा कि मामले के संज्ञान में आते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेश देकर इस समस्या का जल्द समाधान करने का निर्देश दिया है।

विधायक निषाद आलम ने कहा कि पाकुड़ विधानसभा की एक-एक समस्या के समाधान को लेकर हम लगातार प्रयासरत हैं सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और उसके समाधान को लेकर प्रयास करते हैं उनके नेतृत्व में झारखंड के चौमुखी विकास के साथ पाकुड़ का भी चौमुखी विकास करना हमारा एकमात्र लक्ष्य है।

# सावित्री बाई फुले की मनाई गई पुण्यतिथि

लोकतंत्र की आबज

**रामजी कुमार**

**ताजपुर/समस्तीपुर।** मार्च क़ो मोरवा विधानसभा अंतर्गत लसकारा वार्ड संख्या एक में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बैनर तले जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद की अध्यक्षता मे सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि मनाया गया। समारोह में सबसे पहले उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरू किया गया। समारोह क़ो सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री निषाद ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे समाज मे फैले कुरीतियों के विरुद्ध बुलंद आवाज उठाने की हिम्मत किए।



वे सबसे पहले समाज क़ो शिक्षित करने के लिए निरक्षर महिलाओं क़ो पढ़ाने का काम किये जिसके लिए उन्हें पुरुष प्रधान समाज के द्वारा प्रताड़ित भी होना पड़ा। सब कुछ झेलते हुए दलित, पिछड़ा समाज के महिलाओं एवं किशोरियो क़ो शिक्षित करने का काम किये।मौक़े पर विभा देवी पूर्व जिलापार्षद, प्रदेश महासचिव देवनारायण सिंह, रामानंद सिंह, डॉ दिलीप कुमार चौधरी, अशर्फी पासवान, देवशंकर राय, ओमप्रकाश, प्रेमलाल सिंह, रवीण कुमार, मुकेश कुमार चौधरी, सुभाष कुमार यादव, अभिषेक कुमार, मो बशीर, भरत पासवान, कृष्णदेव साह, सुबोध कुमार चौधरी, नागेश्वर राम, राजेंद्र दास, द्वारिका प्रसाद गुप्ता, किशन चौधरी, श्रवण कुमार,सुधांशु कुमार, चन्दन कुमार, संघर्ष कुमार सहित दर्ज़नों लोग उपस्थित रहें।

# डॉ मिश्रा को रोटरी क्लब समस्तीपुर ने दिया अश्रूपूरित श्रद्धांजलि, सभा आयोजित

लोकतंत्र की आबाज

**रामजी कुमार**

**समस्तीपुर।** मेडिकाना हॉस्पिटल के संस्थापक शहर के जाने-माने युवा समाजसेवी चिकित्सक रोटेरियन डॉ राजीव मिश्रा के अकस्मात असमय निधन पर रोटरी क्लब ऑफ समस्तीपुर सिटी ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। रोटरी समस्तीपुर के प्रेसिडेंट डॉ सीबी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस सभा में डॉ मिश्रा को अश्रूपूरित श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम दो मिनट का मौन रख कर उनके आत्मा की चिर शान्ति के ईश्वर से प्रार्थना की गयी।




तदुपरान्त डॉ सिंह ने कहा कि यकीन करने की कोशिश में असहज हो जाता हूं कि हमने एक हरदिल अजीज, मरीजों व समाज के प्रति बेहद संवेदनशील, खुशमिजाज, उत्साही और सरल व्यक्तित्व के धनी चिकित्सक व सक्रिय रोटेरियन को खो दिया है। बताते चलें कि विगत सोमवार को हर दिल अजीज शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजीव मिश्रा का हृदय गति रुक जाने से अचानक निधन हो गया था। इस खबर ने सब को हतप्रभ कर दिया। इस दौरान डॉ अमृता ने कहा कि अपने पिता स्मृतिशेष डॉ आरपी मिश्रा के नक्शेकदम पर चल कर उनकी विरासत को उन्होंने बाखूबी संभाला था। अपने पिता के आदर्श पुत्र के रूप में पिता की तरह ही व्यवहार कुशल थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सकीय जिम्मेदारियों के साथ साथ सामाजिक गतिविधियों में भी उनकी सक्रियता अप्रतिम थी। हर महफिल कई वे रौनक थे। मौके पर रोटेरियन डॉ अमृता कुमारी, डॉ अरुण कुमार झा, सेक्रेटरी रजनीश अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल, अजीत पाल, अरुण कुमार, विमल केडिया, सुजीत खेमका, सहित कई रोटेरियन मौजूद थे।

# साहेबगंज से 45 किसानों का दल अंतर-राज्यीय परिभ्रमण के लिए रवाना

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** आत्मा समेति सहाय अनुदान योजना के तहत साहेबगंज जिले के 45 किसानों का एक दल तीन दिवसीय अंतर-राज्यीय परिभ्रमण के लिए बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर (बिहार) रवाना हुआ। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा प्रमोद एक्का, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ अभिजीत शर्मा, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता तथा उप परियोजना निदेशक, आत्मा मंटू कुमार ने संयुक्त रूप से बस को हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया।



विदित हो कि दिनांक 10 से 12 मार्च तक बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में कृषि मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस परिभ्रमण का उद्देश्य किसानों को आधुनिकतम कृषि तकनीकों से अवगत कराना, पड़ोसी राज्य के किसानों से विचारों का आदान-प्रदान करना और नवीन कृषि नवाचारों को समझकर अपने जिले में उन्हें अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

इस दल का नेतृत्व आत्मा कार्यालय, साहेबगंज के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक कंचन कुमार सुमन कर रहे हैं। इस मौके पर जिला कृषि कार्यालय एवं आत्मा कार्यालय के पदाधिकारी, कर्मी एवं परिभ्रमण में भाग लेने वाले किसान उपस्थित थे ।

# देश की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** सोमवार को बिहपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय पछियारा टोला औलियाबाद में देश की प्रथम शिक्षिका क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फूले की पुण्यतिथि मनाया गया।इस मौके पर प्रधानाध्यापक के संयोजन में शिक्षिकाओं व बाल संसद के अगुवाई में श्रद्धांजली सभा आयोजित किया गया।

इस मौके पर प्रधानाध्यापक ने कहा की शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश का अनुपालन करते हुए सभी शिक्षक कार्य करें। जिससे की बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। तभी जाकर माता सावित्री बाई फूले का संघर्ष सार्थक साबित होगा और उनका सपना साकार हो सकेगा। प्रधानाध्यापक ने सावित्री बाई फूले के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की उनके विचार आज भी वर्त्तमान समय में प्रासंगिक है।



> ● प्रधानाध्यापक ने सावित्री बाई फूले के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की उनके विचार आज भी वर्त्तमान समय में प्रासंगिक है

शैक्षिक परिचर्चा पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के महत्व से सभी अभिभावकों और बच्चों को अवगत कराया।वहीं अनीता कुमार समेत मु.शमीम उद्दीन,स्वेता कुमारी,क्रांति कुमारी,रोमा कुमारी,रविशंकर झा, मनीष कुमार,दयानंद यादव, रजनीकांत रंजन शिक्षक/शिक्षिका व तालिमी मरकज के तबरेज आलम आदि ने माता सावित्री बाई फूले की कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बारे में बोलना सूर्य को दीपक दिखाने जैसा है।महाराष्ट्र के सतारा जिले के नयागांव में 1831 में जन्मी माता सावित्री ने महाराष्ट्र में महिला शिक्षा को जागृत करने करने में अपना पूरा जीवन लगा दिया

वहीं उन्होंने 1848 ई. में महिलाओं को शिक्षित व सशक्त बनाने के उद्देश्य से महाराष्ट्र के पुणे में पहला बालिका स्कूल की स्थापना करवाई थी।वे देश के पहले बालका स्कूल की प्रधानाध्यापिका व पहले किसान स्कूल की संस्थापिका भी थी।कार्यक्रम में बाल संसद की प्रधानमंत्री अलका कुमारी,स्वच्छता मंत्री पूजा कुमारी व विज्ञान मंत्री अर्णिका कुमारी व कुसुम कुमार समेत बड़ी संख्या में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति थी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### होली मिलन समारोह में जमकर लगे ठुमके



केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती।नगर पंचायत स्थित पायल विवाह गार्डन में जिला मंत्री सह कार्यक्रम संयोजक मनीष दास के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में पधारो विशिष्ट अतिथियों को अंग वस्त्र तथा बाबा बटेश्वर नाथ का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी कार्यकर्ता ने जमकर के ठुमके लगाए। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा करके होली की बधाई दी ।इस अवसर पर प्रखंड जदयू अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष रामविलास सौरभ साह, अभिमन्यु कुमार,हरे राम शर्मा, मुन्ना सिंह, दीपतेंद्र बरनवाल, मुरारी पासवान, ऋषिकेश सिंह, गनी पासवान, गांधी तिवारी ,रवि पोद्दार, व्यापार जगत से पंकज चौधरी, रविंद्र कुमार गुप्ता ,राजेश दत्त सहित सैकड़ो कार्यकर्ता थे ।कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर होली के अग्रिम बधाई दी। इसी अवसर पर भाजपा के विचारधारा से प्रभावित होकर के युवा समाज सेवी सागर कुमार महादेव ट्रेडिंग ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सागर कुमार ने कहा कि मैं एक भाजपा का सच्चे सिपाही की तरह काम करूंगा । पार्टी मुझे जो दायित्व देगी मैं उसे भली-भांति निर्वहन करूंगा।

### 40 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

गौतम कुमार
अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर, गोह ( औरंगाबाद ) अवैध शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गोह पुलिस ने थाना मुख्यालय के हमिद नगर मोड़ से 40 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में एक बाइक भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान थाना क्षेत्र के घाटो गांव निवासी प्रिंस कुमार व सचिन कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार तस्कर पर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सिरदला:बीडीओ ने सांढ़ मंझगावां पंचायत में जन वितरण प्रणाली दुकानों का किया जांच

प्रदीप प्रसाद संवाददाता
सिरदला नवादा- प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपेश कुमार ने सांढ़ मंझगावां पंचायत में जन वितरण दुकानों का जांच किया है। बरदाहा गांव स्थित जन वितरण विक्रेता शिव सागर, दीपक कुमार, रामेश्वर प्रसाद, ललिता देवी ,मंझगावां गांव के चंद्र भूषण प्रसाद के जन वितरण दुकानों का जांच किया गया है। तथा अंगरा गांव निवासी सुरेंद्र सिंह का जन वितरण दुकान बंद पाया गया है। इस संबंध में बीडीओ के द्वारा उच्च अधिकारी को रिपोर्ट किया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपेश कुमार ने बताया कि जन वितरण प्रणाली के दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया है। जन वितरण दुकानों में स्टॉक, पॉस मशीन की जांच, अनाज की गुणवत्ता का जांच किया गया है। एवं वहां मौजूद लाभुकों से भी पूछताछ किया गया है। रिपोर्ट संतोषजनक पाया गया है।

### होली के पारंपरिक गीतों पर झूमे लोग



धर्मेंद्र कुमार शर्मी
पकरीबरावां।सोमवार को प्रखण्ड मुख्यालय स्थित डॉ. श्रीकृष्ण सिंह स्मारक सेवा सदन में होली मिलन समारोह आयोजित की गई। इस दौरान होली के पारंपरिक गीतों पर लोग झूमते दिखें। पूर्व जिला पार्षद अखिलेश सिंह ने लोगों से आपसी सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की। इस अवसर पर अंजनी सिंह, दिलीप सिंह, मुखिया विनय कुमार, मुकेश सिंह, नीरज कुमार राकेश, अंबेडकर जागृति मंच के अध्यक्ष आसो पासवान, कोषाध्यक्ष लवली टेलर, उपेन्द्र शर्मा, अभय सिंह, रामनंदन सिंह, पूर्व उप प्रमुख दिनेश सिंह, अरुण सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य विपिन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर पड़ने वाले रामपुर गांव में बीती रात रविवार कर दी गई हत्या ,पुलिस नहीं पहुंची समय पर

## लेकिन हत्या करने के उपरांत आरोपी तुरंत फरार हो गया





लोक तंत्र कीआवाज

**लखीसराय ।** लखीसराय जिले की चानन प्रखंड के चानन थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर पड़ने वाले रामपुर गांव में बीती रात रविवार 9 मार्च 2025 रात्रि तकरीबन 9 बजे गांव के ही सुमा देवी पति अक्षय लाल दास की हत्या कर दी गई। हालांकि हत्या के कारणों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया, लेकिन हत्या करने के उपरांत आरोपी तुरंत फरार हो गया। वही मिली जानकारी के अनुसार हत्यारा धारदार हथियार से सुमा देवी पर वार किया जो सुमा देवी के कान के नीचे लगा, वही ये वार काफी घातक बताया गया। वही घायल अवस्था में ही इन्हें बेगूसराय ले जाने का काम किया गया लेकिन कुछ दूरी जाने के बाद सुमा देवी ने अंतिम सांस ले ली और दम तोड दिया। बताया गया कि घटना के उपरांत चानन थाना के अधिकारी को लोगों को मामला बता आवेदन देने का काम किया गया पर आवेदन न लेकर किसी भी प्रकार से कोई रिस्पॉन्स नहीं लिया। वही रिस्पॉन्स नहीं मिल पाने के बाद गांव के लोगों ने जिला के अधिकारियों को फोन किया इसके बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की छानबीन में जुट गई। वही सोमवार की सुबह भागलपुर से फॉरेंसिक टीम पहुंचकर घटनास्थल पर जांच करने में लग गई। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। वही बताया गया कि दो दिन पूर्व भतीजी की शादी हुई थी और रात बगल में तिलक था जिसके कारण घर पर कोई नहीं था वही तिलक वाले घर से अपने घर जाने के क्रम में घर के दरवाजे से मात्र 40 फीट की दूरी पर घटना घटित हुई। वही बताया गया कि अक्षय दास कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े होने के कारण समाजसेवी माने जाते थे। इसको लेकर सीपीआई के लोगों ने दोपहर दो घंटे तक मननपुर चौक को जाम रखा और कहा कि रामपुर की घटना के बाद लोगो का एक ही सवाल है कि आखिर कैसे सुरक्षित रहे हम, ये कौन सा राज आया। आखिर हमारी कौन सुनेगा जब प्रशासन के लोग ही सुधी नहीं लेते है। एसडीपीओ शिवम कुमार ने कहा कि कल रात 9.30 सूचना मिली कि मननपुर के रामपुर में एक महिला की धारदार हथियार से वार करने के बाद घायल अवस्था में इलाज के लिए ले जाया गया और इलाज की अवस्था के क्रम में मृत्यु हो गई। मृत्यु की संलिप्तता के संबंध में पुलिस उसी वक्त से छान बीन में जुटी हुई है।चुकी इसमें कोई प्रत्यक्ष दर्शी साक्षी नहीं मिला है तो इसके लिए हमलोग सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रहे हैं और तकनीकी अनुसंधान करते हुए मामले को देखते हुए जितनी जल्दी हो सके घटना में जो संलिप्त अपराधी है उनको चिन्हित करते हुए अपराधी की गिरफ्तारी की जाएगी और स्पीडी ट्रायल से इस मामले में आगे बढ़ेंगे। घटना के कारणों पर इन्होंने बताया कि घटना की वजह कि संलिप्तता नहीं बताई गई है यह स्पष्ट नहीं है हमलोग एफ आई आर की प्रक्रिया में लगे है शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है टेक्निकल टीम काम कर रही है तीन चार बिंदु है जिसपर कार्य करते हुए मामले का पर्दाफाश कर सारी जानकारी दी जाएगी।पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। वही इस चौक पर न्याय की मांग करने को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव हरखित यादव, चानन से अंचल मंत्री द्वारिका विंद, विनोद लाल भारती, रामबरन दास, लखीसराय से हंसराज, अंचल परिषद सुधीर बरेड़, राजेंद्र राय, उमेश दास, भूपेश कुमार वर्मा, ग्रामीण जनता सुभाष कुमार, अमित दास, विपिन दास, बबलू सिंह, पप्पू झा, शहंशाह कुमार, महेश भगत, कांग्रेस नेता राम स्नेही पासवान संग सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

# चोरों ने भगवती मंडप में किया चोरी, पुलिस बल जांच में जुटी



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** कहलगाँव के भवानीपुर में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा माँ महामाया आदि शक्ति मन्दिर में 2 साल पहले मन्नत पूरी होने के बाद नागपंचमी के मौके पर दिया गया 17.5 किलो के चांदी का झाप ( जिसका लगभग मूल्य 20 लाख होता है ) सहित दान पेटी, कलश 2, पीतल की बाल्टी, सीसीटीवी कैमरा का सामान चोरी कर लिया। इसके बाद ले जाने के क्रम में चोर मंदिर के पीछे स्थित बगीचे में सामान छोड़कर भाग गए। भागने के क्रम में चोर का चोरी में इस्तेमाल किया गया खंती, जूता, थैले, गमछा, पिलास, बोरा, टॉर्च, 2 छेनी से कल रात्रि चोरों के द्वारा चोरी करने का दुस्साहस किया गया जो कि बहुत शर्मनाक कृत्य है। जबकि अंटीचक थाना की दूरी मात्र 1 किलोमीटर हैक मंदिर के मुख्य सेवक सचिन राज आनंद बबलू और राजीव कुमार ने बताया की थाना को सूचना दी गई और पुलिस के द्वारा अनुसंधान कर चोरो को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मंदिर में पुलिस के द्वारा खोजी कुत्ते और फोरेंसिक टीम के द्वारा भी इस मामले की जांच की गई। जांच दल मे डीएसपी-2 अर्जुन कुमार गुप्ता पीरपैंती सहित कई थानो की पुलिस मौजूद थी।

# शराब जब्त एक गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के जिल्वरिया गांव में छापेमारी कर शराब जब्त किया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि जिल्बरिया गांव से 11.25 लीटर शराब जब्त की गई है। इस मामले में सुगिया देवी को गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# आवास योजना मे हो रही गड़बड़ी को देखते हुवे बीडीओ को दिये ज्ञापन : कांग्रेस कमिटी महासचिव राजकुमार महतो अवास योजना से बंचित नहीं रहेंगे, दलित महादलित



लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा।** प्रखंड कांग्रेस कमिटी के महासचिव राजकुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर , उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अवास योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे सभी कोटी अंतर्गत गुजर बसर कर रहे लोगों का प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से नया नाम जोड़ने का सरकारी आदेश शुरू हो चूका है। संगठन के काम से क्षेत्र भ्रमण में लोगों द्वारा जानकारी मिल रही है, कि प्रखंड के सभी पंचायतों में अवास सहायक के माध्यम से नाम जोड़ना है जो निःशुल्क है। प्रधानमंत्री अवास योजना में नया जोड़ने को लेकर बहुत गड़बड़ी हो रही है ' नाम जोड़ने में दलित महादलित एवं जो गरीब वास्तव में झोपड़ी के घर में जा रहे हैं उनका ही नाम आवास में नहीं जोड़ा जा रहा है ' इसलिए सभी आम-अवाम 10/03/2025 दिन सोमवार को 11:00 बजे प्रखंड मुख्यालय मे अपने-अपने कागजात के साथ पति-पत्नी की आधार कार्ड राशन कार्ड पासबुक की फोटो कॉपी लेकर पहुंचे ' कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के द्वारा सभी आम जनता के कागजातो के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी को नाम जोड़ने सुनिश्चित करने के लिये ज्ञापन देने की बात कहे थे ' और आज दिनांक 10-03-2025 को नयें लाभुको के आधार कार्ड,पासबुक, राशन कार्ड की छाया प्रति सहित कुल 107 लोगो का नया नाम जोड़ने की सूची बीडीओ शिव जन्म राम को दिया गया ' कांग्रेस कमेटी गौनाहा एवं नेता राजकुमार महतो के नेतृत्व में ज्ञापन दिया जा रहा है' जिसमें प्रखंड अंतर्गत गरीब दलित व महादलित के नाम व ग्राम है जिसमें आधार पर आप सभी आम जनता का प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम सुनिश्चित करने की बात रखी गई है ' 10 दिनों के अंदर दिया गया ज्ञापन के आलोक में नाम जोड़कर प्रधानमंत्री आवास का लिस्ट कांग्रेस कमेटी गौनाह को सुपुर्द करें ' दिया गया ज्ञापन में यह भी लिखा हुआ है कि समय सीमा बढ़ाने पर हम लोग आंदोलन पर उतरेंगे ' साथ ही उनकी मांगे हैं कि प्रखंड अंतर्गत करीब दलित व महादलित का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में जोड़ना सुनिश्चित हो '

# 31 मार्च तक सभी दलित महा दलित परिवार के बीच शौचालय का निर्माण; बीडीओ



लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**
**गायघाट ।** कटरा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में स्वच्छ भारत मिशन फेस 2 का बैठक आयोजित किया गया बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास अधिकारी शशि प्रकाश ने किया वही संचालन बीसीचंदन कुमार ने किया संबोधन के दौरान जिवीका बीपीएम जीवक्ष कुमार ने बताया कि सरकार का जो महत्व पूर्ण योजनाएं हैं शौचालय निर्माण करवाना शौचालय निर्माण से महान दलित परिवार अभी तक वंचित है। सरकार का निर्देश है की अगवानी 31 मार्च तक सभी दलित महा दलित परिवार के बीच 100% शौचालय का निर्माण करना सुनिश्चित किया गया है जिसमें प्रखंड के सभी विकास मित्र जीविका दीदी सीएम सी सी सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक सभी विकास मित्र इन सभी को प्रखंड विकास पदाधिकारी ने निर्देश देते हुए बताया कि किसी भी हाल में शौचालय का निर्माण महा दलित परिवार एवं दलित परिवार के बीच में करवाने के लिए हर संभव प्रयास करें प्रखंड बीसी चंदन कुमार ने बताया कि प्रथम फेज के तहत डोर टू डोर विजिट इवनिंग मॉर्निंग फ्लावर ऑफ गड्ढा खोदो अभियान चल करके हर हाल में दलित महान दलित परिवार को मान सम्मान के साथ इज्जत घर में बैठने का संकल्प हम सभी ले मौके पर सभी विकास मित्र सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक मुखिया गण स्वच्छता ग्राही उपस्थित है

# अंधेरे से जूझ रहे अम्मापाली हाल्ट के प्लेटफार्म नंबर एक पर जली लाइट




लोकतंत्र की आवाज

**पीरपैंती ।** मालदा मंडल के भागलपुर-साहिबगंज रेलखंड पर स्थित अम्मापाली हाल्ट पर वर्षों से अंधेरे में सफर कर रहे यात्रियों को सोमवार की शाम बड़ी राहत मिली। साहिबगंज से आए रेलवे कर्मियों ने प्लेटफार्म नंबर एक के नवनिर्मित भवन पर चार हेलोजन लाइटें जलाकर पूरे स्टेशन परिसर को रोशन कर दिया।ज्ञात हो कि 2015 में हुए रेल दोहरीकरण के बाद से अम्मापाली हाल्ट पर रोशनी की कोई सुविधा नहीं थी, जिससे यात्री लंबे समय से असुविधा झेल रहे थे। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए पीरपैंती के पूर्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष एवं वर्तमान भागलपुर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह ने मालदा मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) को करीब 250 लोगों के हस्ताक्षरित जन याचिका (पब्लिक पिटिशन) के माध्यम से यात्रियों की परेशानी से अवगत कराया था। इसके बाद से श्री सिंह लगातार रेलवे अधिकारियों को पत्राचार और फोन के जरिए इस विषय में ध्यान दिलाते रहे। अंततः रेलवे ने कार्रवाई करते हुए हाल्ट पर प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की। यात्रियों में खुशी की लहर स्टेशन पर बिजली जलते ही यात्रियों और स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय यात्रियों ने रेलवे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और इसे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।ग्रामीणों ने लाइट लगने से खुशी व्यक्त किया। सांसद अजय कुमार, रेल अधिकारी भूरी भूरी प्रशंसा की। संसद प्रतिनिधि झुंपा सिंह ने भी साधुवाद प्रेषित किया।

# गोह में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आपसी सौहार्द के साथ मनाया होली मिलन समारोह



लोकतंत्र की आवाज

**गौतम कुमार**
**अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर** गोह (औरंगाबाद) सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक डॉ रणविजय कुमार उपस्थित हुए। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने बताया कि होली का त्योहार सनातन धर्मावलंबियों का महान पर्व है।यह पर्व आपसी सौहार्द एवं भाइचारे का संदेश स्थापित करता है।
यह मनमुटाव को दूर करने वाला त्योहार माना जाता है। होली का त्योहार लोगों के जीवन को सतरंगी बनाता है। इस कार्यक्रम में लोकप्रिय गायक अभिषेक सिंह, मनीष शर्मा, सोनू राय के साथ विनोद हलचल ने ढोलक, झाल, हार्मोनियम पर होली गीतों का जलवा बिखेरते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित लोगों ने एक - दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर बधाई दी ।इस मौके पर वशिष्ठ शर्मा, रामकुमार वर्मा, डॉ श्रीकृष्ण कुमार, पवन कुमार उर्फ सोनू , विनय कुमार सिंह, साकेत बिहारी, मुखिया अशोक बिंद, मुन्ना चंद्रवंशी,प्रणव भरद्वाज, गुड्डू कुशवाहा, कृष्णा मेहता, राकेश रोशन, बिंदा उपाध्याय,दिनेश चंद्रवंशी बैजूलाल चौधरी, जयहिंद पासवान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ठगी करते अंतरजिला के दो साइबर आरोपित भेजे गये जेल गिरफ्तार साइबर आरोपित खरीदारी करनेवाले कस्टमर से फाइनेंस और सीमेंट देने के नाम पर करते थे ठगी

## प्रतिबिंब पोर्टल पर उपलब्ध नंबरों की ट्रैकिंग के आधार पर की गयी छापेमारी मीर बिगहा और कतरी सराय के कतरी डीह से धराये दोनों अपराधी



लोकतंत्र की आवाज

**अभय कुमार रंजन**
**वारिसलीगंज (नवादा):-** साइबर पुलिस की एसआईटी ने नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में लोन दिलाने के नाम पर लाखों की ऑनलाइन ठगी करते दो अंतरजिला साइबर अपराधियों को अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया।गृह मंत्रालय के साइबर प्रतिबिंब पोर्टल पर उपलब्ध अपराधियों के मोबाइल नंबरों की ट्रैकिंग व लोकेशन के आधार पर एसआईटी ने नवादा जिले के वारिसलीगंज थाने के मीर बिगहा गांव स्थित बगीचे में शुक्रवार की शाम छापेमारी किया। पुलिस को देखकर भाग रहे अपराधियों का पीछा कर एक को वारिसलीगंज व दूसरे को कतरी सराय से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से दो मोबाइल जब्त की गयी है। दोनों अपराधी वारिसलीगंज के मीर बिगहा स्थित बगीचे में ऑनलाइन ठगी कर रहे थे। गिरफ्तार अपराधियों में वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मीर बिगहा गांव के श्रवण तांती का बेटा गुलशन कुमार व नालंदा जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र के कतरीडीह गांव के अजय सिंह का बेटा कुन्दन कुमार उर्फ बिट्टू शामिल हैं। साइबर डीएसपी प्रिया ज्योति की मॉनिटरिंग में एसआईटी द्वारा छापेमारी की गयी। फायनेंस व सिमेंट कम्पनियों के नाम ठगी: अपराधियों द्वारा विभिन्न फायनेंस कम्पनी यथा धनी फायनेंस, बजाज फायनेंस तथा अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी का अधिकारी बन कर लोगों को सस्ते दर पर लोन दिलाने व सीमेंट दिलाने के नाम पर ठगी की जा रही थी। प्रोसेसिंग फी से 05 हजार रुपये से शुरू हुआ ठगी का सिलसिला लाखों में पहुंच जाता था। इस बीच अपराधियों द्वारा रजिस्ट्रेशन, जीएसटी आदि के नाम पर ठगी की जाती थी। बताया जाता है कि नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर अपराधियों की पूर्व से शिकायत दर्ज है। वहीं एक अन्य अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। जिसकी तलाश में पुलिस वहां पहुंची थी। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न संबंधित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। इस मामले में साइबर पुलिस की एसआईटी गठित की गयी थी। इसमें एसआई निलेश कुमार सिंह, पीटीसी नितेश कुमार, सिपाही सौरभ कुमार, कृष्णा कुमार, चुनचुन कुमार, विकेश कुमार, श्यामदेव मंडल, चालक सिपाही पियूष कुमार, बीएचसी का जवान अनिल कुमार व स्वॉट की टीम शामिल थी। बताया जाता है कि दोनों अपराधियों के मोबाइल से ठगी से संबंधित कई साक्ष्य मिले हैं।पूछताछ में अपराधियों ने ठगी के विभिन्न मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इनके विरुद्ध साइबर ठगी के आरोपों से संबंधित बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। दर्ज साइबर थाना कांड संख्या- 30/25 में दोनों नामजद किये गये हैं। बताया जाता है कि अपराधियों द्वारा बगीचे में बैठकर विभिन्न राज्यों के उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबरों पर फोन कर उनसे ठगी की जा रही थी। उनके जब्त मोबाइल नंबरों से कई उपभोक्ताओं से संबंधित डेटाशीट आदि बरामद किये गये हैं। पुलिस ठगी के शिकार उपभोक्ताओं के नंबरों पर फोन कर उनसे ठगी का ब्यौरा जुटा रही है। अपराधियों के विरुद्ध पूर्व शिकायत दर्ज है। विभिन्न तकनीकी व मानवीय साक्ष्यों की मदद से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये लोग फायनेंस व सीमेंट कम्पनियों के नाम पर ठगी कर रहे थे। प्रिया ज्योति, साईवर डीएसपी, नवादा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पस्तपार थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति बैठक, हुड़दंग मचाने वाले पर रहेगी नजर



लोकतंत्र की आवाज
रूपेश कुमार

पस्तपार सहरसा संवादाता। पस्तपार थाना में सोमवार को थाना अध्यक्ष अरमोद कुमार के अध्यक्षता में होली पर्व को लेकर शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक में थाना क्षेत्र के जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बैठक में थाना प्रभारी अरमोद कुमार ने कहा कि होली में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है अगर कोई बजाते हुए पकड़े जाते हैं तो डीजे को जब्त कर उसपर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। वही हुड़दंग मचाने वाले पर भी नजर रहेगी वही, थाना अध्यक्ष ने कहा कि होली पर्व पर शराब तस्कर और पीने वाले पर पैनी नजर रहेगी। वही सादे लिवास में पुलिस बल चौक चौराहे पर तैनात रहेंगे, और गांव टोले में भी पुलिस बल गस्त करते रहेंगे। वही कोई शरारती तत्वों पर नजर रहेगा। कोई हुड़दंग मचाने वाले कि खैर नही रहेगा। थाना प्रभारी ने कहा सभी आदमी शांति पूर्ण तरीके से रंगों का त्योहार होली मनाना है, समाज में किसी तरह का द्वेष भाव नही रखना है, आम जन से अपील करते हैं कि कहीं नशा कारोबार करते हुए कोई व्यक्ति दिखे तो हमें गुप्त रूप से सूचना दें हम आपका नाम गुप्त रखेंगे और करवाई करेंगे। वही होली शांति समिति के बैठक में पस्तपार पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राजीव कुमार उर्फ मंटू यादव, रवींद्र चरण यादव, युवा समाज सेवी मुकेश कुमार, उप मुखिया अनिल कुमार यादव, विद्यानंद दास, मो० ओबेज आलम, अशोक यादव पंचायत समिति पस्तपार, दीपनारायण पासवान, विलास यादव, डॉ० चंदन सिंह, मो० हारून, राकेश सिंह, रविन्द्र चरण मंडल, सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

### प्रमुख प्रतिनिधि ने ब्रह्मबाबा स्थान में विवाह भवन का किया उद्घाटन



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। जिले के सत्तरकटैया प्रखंड अन्तर्गत बिहरा पंचायत के वार्ड 06 में अवस्थित ब्रह्मबाबा स्थान में प्रमुख प्रतिनिधि संजय कुमार ने लाखों की लागत ने तैयार विवाह भवन का उद्घाटन किया।
जानकारी हो कि विवाह भवन के प्रारूप को श्रधेय स्वर्गीय जननेता पूर्व विधायक संजीव झा रखा था लेकिन उनको धरातल पर प्रमुख सिंधु कुमारी के नेतृत्व में प्रमुख प्रतिनिधि संजय कुमार ने उतारने का कार्य संपन्न किया। प्रमुख प्रतिनिधि संजय कुमार के साथ कोशी सीमांचल के नेता लोकप्रिय समाजसेवी नारायण पांडे, समिति मित्रदेव महतो, पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र दास, शिक्षक निरंजन कुमार, बंगट कुमार, महिषी विधायक प्रतिनिधि भीम नारायण महतो, सुदर्शन पांडेय, बबुआन राम, पत्रकार राजीब झा, कैलाश झा, सचिदानंद मिश्रा, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### पड़ोसी के टूटे-फूटे घर में शराब छिपा कर कर रहे थे कारोबार, पुलिस छापामारी में 25 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, कारोबारी फरार

लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। सदर थाना क्षेत्र के कृष्ण नगर, वार्ड नंबर -37 निवासी मदन झा के पुत्र अविनाश कुमार उर्फ फेंटे पड़ोसी के टूटे-फूटे घर को शराब छिपाने का पनाह का बना दिया था। जिसमें अंग्रेजी शराब छिपा कर वे उसका कारोबार कर रहे थे। इस दौरान हुई छापामारी में लगभग 25 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। वहीं आरोपी फरार होने में कामयाब रहे थे। सदर थाना के अंतर्गत संचालित टीओपी - 2 बटराहा प्रभारी सनोज वर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि कृष्णा नगर, वार्ड नंबर 37 निवासी मदन झा के पुत्र अविनाश कुमार उर्फ फेंटे अपने पड़ोसी उमेश झा के पुत्र नरेंद्र झा के बंद और टूटे-फूटे मकान को शराब बेचने का अड्डा बना लिया है। जिसमें वे छिपाकर शराब रखते हैं। उनका कारोबार करते हैं। सूचना पर छापामारी की गई। पुलिस टीम को देख वे दीवाल फांद कर भागने में कामयाब रहे। उनके पड़ोसी की टूटी-फूटी घर की तलाशी ली गई तो उनमें 750 एमएल के 25 बोतल और 375 एमएल के 16 बोतल कुल 24.750 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ था। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी होगी।

# ललक से पदक तक पहुंची बेटियां, महिला सशक्तिकरण के लिए प्रेरणाप्रद : डॉ. शैलेश

लोक तंत्र कीआवाज



- रानी लक्ष्मीबाई से लेकर द्रौपदी मुर्मू तक की यात्रा महिला सशक्तिकरण के लिए प्रेरणाप्रद : डॉ. रिंकू सिंह
- महिलाओं की सशक्त भूमिका के लिए उच्च शिक्षा जरूरी : प्रो. ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह जौहरी
- सामाजिक ढांचा की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका : डॉ. संतन राम

**दरभंगा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आर.एस. एजुकेशनल फाउंडेशन, दरभंगा चैप्टर व अखिल भारतीय प्रबंध विकास परिषद, नई दिल्ली द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी '21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण' का भव्य समापन हुवा। गोष्ठी के समापन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह जौहरी, विशिष्ट अतिथि डॉ. विनीता सिंह, सुरभि शिवानी, मुख्य वक्ता डॉ. रिंकू सिंह, डॉ अखिलेश श्रीवास्तव व महासचिव डॉ. शैलेश कु० सिंह ने आभाषी पटल पर संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

तदुपरांत महिला कॉलेज, खगड़िया की डॉ. प्रियंका सिंह ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि, महिला सशक्तिकरण की प्रासंगिकता पर चर्चा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि 1सदी के बाद भी वह अपने कर्तव्यों को तन्मयता के साथ पूर्ण करने के बावजूद अधिकारों के लिए भटक रही है।

गोष्ठी को आभाषी पटल पर उद्बोधित करते हुए बी.एच.यू. वाराणसी की युवा शिक्षाविद डॉ. विनीता सिंह ने कहा कि, भारतीय परिदृश्य में महिला वैदिक काल से सशक्त थी, है और रहेंगी। पाश्चात्य सभ्यता की महिलाओं को सर्वप्रथम यह सुनिश्चित करना होगा कि, हमें किससे, कहाँ और किस रूप में आजादी चाहिए (अपनों से, व्यवस्था से या भारतीय संस्कृति से)।

इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष सह मुख्य अतिथि प्रो. ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह जौहरी ने कहा कि, भारतीय परिदृश्य में नारी को जगत् जननी का दर्जा दिया गया है। हमारे यहाँ नारी वैदिक काल से लेकर आजतक कभी अशक्त हुई ही नहीं, वह सशक्त थी, सशक्त है और सशक्त रहेगी। महिला सशक्तिकरण की सशक्त भूमिका के लिए उच्च शिक्षा अत्यंत आवश्यक है।

इग्नू दरभंगा के क्षेत्रीय निदेशक डॉ संतन राम ने कहा कि, सामाजिक ढांचा को मजबूत रखने में महिलाओं की अहम भूमिका है। इसलिए महिला को सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक रूप से सशक्त होना होगा।

इलाहाबाद डिग्री कॉलेज की शिक्षाविद सह मुख्य वक्ता डॉ. रिंकू सिंह ने कहा कि, महिला सशक्तिकरण की चर्चा पाश्चात्य सभ्यता से अंगीकृत किया गया है; गार्गी, मैत्रेयी, रानी लक्ष्मीबाई, कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स, प्रतिभा देवी सिंह पाटिल से लेकर द्रौपदी मुर्मू तक की यात्रा नारी सशक्तिकरण के लिए प्रेरणादायक है। सामाजिक संतुलन के साथ विकसित राष्ट्र के लिए महिला सशक्तिकरण अत्यंत जरूरी है।

अध्यक्षता करते हुए आर.एस. एजुकेशनल फाउंडेशन के महासचिव सह डी.बी. कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि, एक समय था जब लड़कियों के लिए घर की दहलीज लांघना असभंव था। पढ़ाई के सपने जंगलराज के आतंक के आगे चकनाचूर हो जाते थे। खेलों में भाग लेने की चाहत मन के किसी कोने में दम तोड़ देती थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। 2005 में बिहार के मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद नीतीश कुमार जी ने आधी आबादी की आर्थिक, सामाजिक मजबूती सुनिश्चित की। नीतीश सरकार ने एक के बाद एक ऐसे निर्णय लिए जिससे न केवल शिक्षा में भागीदारी बढ़ी, बल्कि खेलों में भी दमखम दिखाया है उन्होंने ललक से पदक को प्राप्त किया है। आमिर खान की फिल्म दंगल का मशहूर संवाद है... 'म्हारी छोरियां छोरों से कम है कै' आज बिहार पूरे गर्व के साथ कह सकता है कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं।

फाउंडेशन के कांफ्रेंस समन्वयक सह आयोजन सचिव डॉ. जमील हसन अंसारी ने बताया कि, गोष्ठी के दौरान डीबी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. नंद कुमार, डॉ बरखा अग्रवाल, डॉ रुद्र किंकर वर्मा, फरहत फातिमा ने भी संबोधित किया साथ ही उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड समेत भारत के विभिन्न राज्यों के सैकड़ों प्रतिभागियों ने महिला सशक्तिकरण पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। संचालन ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के युवा शिक्षाविद डॉ. जयशंकर सिंह और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव ने किया।

इस दौरान मुख्य रूप से इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. जी.बी.एस. जौहरी, इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. संतन राम, डीबी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. नंद कुमार, डॉ. रुद्र किंकर वर्मा, डॉ. बरखा अग्रवाल, डॉ रिंकू सिंह, डॉ. विनीता सिंह, डॉ. पुष्पा कुमारी, डॉ. रानी पुरुषोत्तमा, डॉ. रूबी कुमारी साह, सुरभि शिवानी, फरहत फातिमा, किरण कुमारी, कविता कुमारी, शहर हुसैन, डॉ. जमील हसन अंसारी, डॉ संतोष यादव, गुड्डू गुलशन यदुवंशी, गुलगुल सिंह, रचित झा, निक्की कुमारी, सपना ठाकुर, सौम्या ठाकुर सहित सैकड़ों प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## हर घर में नल का जल सपना हो साकार कार्यपालक अभियंता



**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवादाता।** हर घर नल का जल का सपना हो साकार लोक स्वाङ्ग अभियंत्रण के कार्यपालक अभियंता आरके सिंह ने संवादाता को जानकारी दिए अभी 67 वार्ड में करोड़ों के लागत से हर घर नल का जल का कार्य प्रगति पर है। जब संवादाता ने पूछा जहां नल से जल कई महीनों से गायब है उपाय बताए उन्होंने बताया उसे भी ठीक कर चालू कराया जाएगा क्षेत्रों में समस्या नल तो लगा पर क्षेत्रवासियों को कई नल से जल ही गायब है कई स्थानों व पंचायतों टोले मोहल्ले में देखने को मिल रहा है। लोगों का मानना है करोड़ों खर्च के बावजूद भी ससमय क्षेत्रों के लोगों का नल से जल ही गायब हो तो चिंता का विषय दर्शाता हैं हाल ही बैठक में डीएम ने नल का जल को दुरुस्त करने का नए नल लगाने का निर्देश दिए हैं।

## सहरसा : हिन्दू नुतन वर्ष के आगमन समारोह को लेकर उत्सव समिति की बैठक आयोजित

**लोकतंत्र की आवाज**



**सहरसा संवादाता।** आदर्श ऊर्जा ग्राम रौता में आयोजित होने वाले श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ, शतचंडी महायज्ञ, भगवान राम का जन्मोत्सवम, जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी आगमानंद जी महाराज का प्राकट्योत्सव, हिन्दू नुतन वर्ष का आगमन समारोह को लेकर उत्सव समिति सहरसा का बैठक प्रताप चौक के बगल में एक शिष्य के आवास पर आचार्य मनमोहन झा के अध्यक्षता एवं सोनू कुमार सिंह के संचालन में कार्यक्रम की भव्यता के हर एक बिंदु पर चर्चा हुई।

भक्तों ने कहा कि हमलोगों को खुशी इस बात की है कि पूरे एक सप्ताह प्रभु गुरुदेव के प्रत्यक्ष रूप से दर्शन मिलेंगे।

कार्यक्रम में स्थानीय कमेटी के रूप में काम करेंगे। एक भक्त ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कार्य जोर-शोर से चल रहा है। यज्ञ मंडप का कार्य प्रगति पर है। कलश यात्रा के लिए कन्याओं का रजिस्ट्रेशन शुरू है।

स्थानीय कलाकार जो अपनी कला का प्रस्तुति देना चाहते हैं उन्हें भी समय दिया जाएगा। वो स्वयं स्लॉट बुक करवा सकते हैं। सभी तरह के रजिस्ट्रेशन निशुल्क है। पिछले दिनों वास मार्ट के उद्घाटन समारोह में प्रभु गुरुदेव एक दिवसीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट सहयोग करने वाले अजीत कुमार सिंह, चुन्ना सिंह और दीपक कुमार सिंह को प्रतिक चिन्ह से सम्मानित किया गया। बैठक में रामकुमार सिंह, संजय राणा, ज्योति कुमार सिंह, विप्लव रंजन, अमर किशोर पौदार, गुंजेश कुमार सिंह, गुड्डू तिवारी, पंकज झा, आशीष रंजन, संदीप कुमार सिंह, धर्मेंद्र राज, पुनीत कुमार सिंह, पिंटू तिवारी, गोबिंद माधव, राहुल सिंह, विकास कुमार सिंह, मनोज कुमार, बमबम तिवारी, संजीव राय, हरे राम सिंह, अन्नु सिंह, कुमार गौरव अन्य गुरुभक्त मौजूद रहे।

## त्योहारी भीड़ को समायोजित करने के लिए पू. सी. रेलवे ने होली स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढ़ायी

**लोकतंत्र की आवाज**



**प्रवीण कुमार, कटिहार।** होली के त्यौहारी सीजन के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, पू. सी. रेलवे 15 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि इससे पहले, 13 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की घोषणा हुई थी, जो नारंगी - गोरखपुर जंक्शन - नारंगी, कटिहार - अमृतसर - कटिहार, कामाख्या - आनंदविहार टर्मिनल - कामाख्या, डिब्रूगढ़ - न्यू जलपाईगुड़ी - डिब्रूगढ़, न्यू जलपाईगुड़ी - हावड़ा - न्यू जलपाईगुड़ी, आनंद विहार टर्मिनल - जोगबनी - आनंद विहार टर्मिनल, मुंबई सेंट्रल, कटिहार झ मुंबई सेंट्रल, सियालदह, न्यू जलपाईगुड़ी झ सियालदह, चर्लपल्ली , नाहरलगुन , चर्लपल्ली, उदयपुर सिटी , फारबिसगंज , उदयपुर सिटी और टाटा , कटिहार - टाटा जैसे मार्गों के लिए चल रही है। इसके अतिरिक्त, डिब्रूगढ़ झ जयनगर-डिब्रूगढ़ और डिब्रूगढ़, गोरखपुर, डिब्रूगढ़ मार्गों के लिए दो जोड़ी और ट्रेनें शुरू की जाएगी।

वही स्पेशल ट्रेन संख्या 05974 (डिब्रूगढ़ - जयनगर) 11 और 18 मार्च, 2025 (मंगलवार) को डिब्रूगढ़ से 05:20 बजे रवाना होकर अगले दिन जयनगर 14:10 बजे पहुंचेगी। इसी तरह, स्पेशल ट्रेन संख्या 05973 (जयनगर - डिब्रूगढ़) 12 और 19 मार्च, 2025 (बुधवार) को जयनगर से 15:30 बजे रवाना होकर अगले दिन डिब्रूगढ़ 23:30 बजे पहुंचेगी। दोनों ट्रेने दो फेरों के लिए केवल निर्दिष्ट तिथि को ही चलेगी।

स्पेशल ट्रेन संख्या 05978 (डिब्रूगढ़ झ गोरखपुर) 12 और 19 मार्च, 2025 (बुधवार) को डिब्रूगढ़ से 09:10 बजे रवाना होकर अगले दिन गोरखपुर 19:00 बजे पहुंचेगी। इसी तरह, स्पेशल ट्रेन संख्या 05977 (गोरखपुर - डिब्रूगढ़) 13 से 20 मार्च, 2025 (गुरूवार) को गोरखपुर से 21:30 बजे रवाना होकर अगले दिन डिब्रूगढ़ 10:30 पहुंचेगी। दोनों ट्रेने दो फेरों के लिए केवल निर्दिष्ट तिथि को ही चलेगी।

इन स्पेशल ट्रेनों के ठहराव और समय-सारणी का विवरण आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसे विभिन्न समाचार पत्रों तथा पू. सी. रेलवे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर भी जारी की जा रही है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले विवरणों की जांच कर लें।

## अखिल राष्ट्रीय संतमत सत्संग का 113वां वार्षिक महाधिवेशन संपन्न, रंजीत यादव ने सभी गुरुजनों का लिया आशीर्वाद

**लोक तंत्र कीआवाज**



- धनतला (हसनपुर) में तीन दिवसीय महाधिवेशन में देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालु, रंजीत यादव ने कार्यक्रम में पधारे गुरुजनों एवं समाजसेवियों को साधुवाद दिया

**पलासी।** अखिल राष्ट्रीय संतमत सत्संग का 113वां वार्षिक महाधिवेशन 8 मार्च से 10 मार्च 2025 तक धनतला (हसनपुर), जिला अररिया, बिहार में आयोजित हुआ। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में कई श्रद्धालु एवं संतमत प्रेमी देश-विदेश से भाग लेने के लिए उपस्थित हुए। महाधिवेशन के तीनों दिन, युवा नेता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रंजीत यादव ने कार्यक्रम में पधारे ₹पूज्यपाद महर्षि योगानंद परमहंस जी महाराज₹ एवं अन्य सभी गुरुजनों का श्रद्धापूर्वक आशीर्वाद लिया।

महाधिवेशन के उद्घाटन अवसर पर रंजीत यादव ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं, गुरुजनों, और आयोजकों का दिल से अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता, प्रेम और शांति का संदेश फैलता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से संतमत के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

इस तीन दिवसीय महाधिवेशन के दौरान प्रमुख समाजसेवी और कार्यक्रम के आयोजक लोग भी मंच पर मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख योगेंद्र यादव, वरिष्ठ समाजसेवी ई. मनोज झा, विजय सरदार, सुरेश यादव, पंकज यादव, पंडित अमोद झा एवं स्वागत समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। रंजीत यादव ने उनके योगदान और समर्थन के लिए उन्हें विशेष साधुवाद दिया। महाधिवेशन में संतमत के धार्मिक संदेश, सामाजिक एकता और समर्पण के विषय पर चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। महाधिवेशन का उद्देश्य न केवल धार्मिक ज्ञान को बढ़ावा देना था, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भी प्रेरित करना था। धनतला (हसनपुर) में यह महाधिवेशन एक शानदार आयोजन के रूप में याद किया जाएगा, जिसमें सभी ने एकजुट होकर धर्म और समाज की भलाई के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

## शाहमौरा गांव में घर में आग लगने से बड़ा नुकसान, हजारों की संपत्ति जलकर राख

**लोकतंत्र की आवाज**



**सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता।** प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर पंचायत अन्तर्गत शाहमौरा गांव के वार्ड नंबर 13 में शनिवार की रात अज्ञात कारणों से अचानक आग लगने से एक घर सहित हजारों की सम्पत्ति जलकर राख हो गई। जिससे पीड़ित गृहस्वामी शाहमौरा गांव निवासी सोनू सिंह के सामने विकट समस्या उत्पन्न हो गई।

घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार शनिवार की रात करीब साढे बारह बजे अचानक घर में आग लग गई। जबतक ग्रामीण आग बुझाने पहुंचा कि घर में रखे गैस सिलेंडर का धमाका बहुत जोर से हुआ। हालांकि किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है।ग्रामीणों के द्वारा घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। नहीं तो एक बहुत बड़ी घटना घट सकती थी। लेकिन जबतक आग पर काबू पाया गया। तबतक घर में रखें दैनिक उपयोग कि सभी वस्तु अनाज कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर सहित अन्य सामग्री जलकर राख हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने विकट समस्या उत्पन्न हो गई। और खुले आसमान के नीचे जीने को विवश हो गया। घटना के बाबत पीड़ित गृहस्वामी ने सीओ सोनवर्षा राज व थानाध्यक्ष को आवेदन देकर उचित सहायता राशि की मांग किया है।

## पांच पापों से बचें और त्रय काल साधना करें, मिलेगी सुख-शांति : ई. मनोज झा

**लोक तंत्र कीआवाज**



- सिकटी विधानसभा के समाजसेवी ई. मनोज कुमार झा ने अखिल राष्ट्रीय संतमत सत्संग के महाधिवेशन में लिया भाग, गुरुजी से प्राप्त किया आशीर्वाद
- महागठबंधन के प्रबल दावेदार प्रत्याशी ई. मनोज कुमार झा ने संतमत की ज्ञान वाणी का लिया आनंद

**पलासी ।** सिकटी विधानसभा के जाने माने समाजसेवी और महागठबंधन के प्रबल दावेदार प्रत्याशी ई. मनोज कुमार झा सोमवार को जनसम्पर्क अभियान के तहत धनतोला (हसनपुर) स्थित कनखुदिया पंचायत में आयोजित अखिल राष्ट्रीय संतमत सत्संग के 113वें वार्षिक महाधिवेशन में पहुंचे। इस अवसर पर पूज्यपाद महर्षि योगानंद जी महाराज और अन्य संतों की ज्ञान वाणी सुनने के लिए लाखों श्रद्धालु मौजूद थे। ई. मनोज कुमार झा मंच पर पहुंचे और संतों की ग्यान वाणी का आनंद लिया, साथ ही गुरुजी महर्षि योगानंद परमहंस जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्रीय नेताओं और समाजसेवियों का अहम योगदान रहा। ई. मनोज कुमार झा ने विशेष रूप से नेता रंजीत यादव, पंकज यादव, रामप्रसाद चौधरी (मुखिया जी), मिथिलेश यादव, दीपक यादव, गोवर्धन विश्वास और इस क्षेत्र के अन्य सम्मानित लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रूप से सहयोग किया।

संतमत के सिद्धांतों को साझा करते हुए ई. मनोज कुमार झा ने कहा कि संतमत एक सर्वधर्म समन्वय का मार्ग है, जो सभी धर्मों का सम्मान करता है और मानवता की सेवा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि बीसवीं सदी के महान संत परमाराध्य संत सदगुरू महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज के बताए मार्ग पर चलने से इहलोक और परलोक दोनों ही उत्तम हो सकते हैं। ई. मनोज कुमार झा ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे झूठ, चोरी, नशा, हिंसा और व्यभिचार जैसे पांच पापों से बचें और त्रय काल साधना करें, जिससे जीवन में शांति और सुख-समृद्धि आए।

महाधिवेशन का आयोजन संतमत के आदर्शों और उपदेशों को फैलाने का महत्वपूर्ण अवसर था, और इस आयोजन में क्षेत्र के अनेक लोग शामिल हुए, जिन्होंने संतमत के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कस्तूरबा ट्रस्ट वैनी, पूसा रोड मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह आयोजित



लोकतंत्र की आबाज

समस्तीपुर/पूसा। अगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम भारत के तत्वावधान में कस्तूरबा ट्रस्ट, वैनी, पूसा रोड पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 600 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। जिनमें स्वयं सहायता समूह की सदस्य, महिला उद्यमी, युवा जंक्शन की पूर्व छात्राएँ एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएँ शामिल थीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप महापौर समस्तीपुर रामबालक पासवान, समाजसेवी मधुबाला, कृष्णा कुमार, स्किल मैनेजर रजनी रंजन एवं शिक्षा प्रबंधक नेक राम ओझा अगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम भारत थे। समारोह की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद युवा जंक्शन के छात्रों ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले संदेश के साथ नाट्य प्रस्तुति दी। यह आयोजन उन महिलाओं की सफलता का जश्न था, जो 1200 से अधिक चल रहे स्वयं सहायता समूहों, महिला किसान समूहों और सौर दीदियों से जुड़ी हुई हैं। पूसा, कल्याणपुर, ताजपुर और सरायरंजन की इन महिलाओं ने समाज में सशक्त नारी की मिसाल पेश की है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने महिला उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इसके साथ ही, मॉडल रलॅ लीडर, सौर दीदियों, कौशल प्रशिक्षुओं एवं उद्यमियों को प्रशंसा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन महिलाओं के सशक्तिकरण को नई दिशा देने और ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### होली पर मौसम का बदलेगा मिजाज, पश्चिमी यूपी में बारिश की संभावना; पढ़िए आईएमडी की ताजा रिपोर्ट

लोक तंत्र की आवाज
रत्ना



लखनऊ। 2025 यूपी में होली पर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। पश्चिमी यूपी में बारिश की संभावना है जबकि पूर्वी यूपी में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने वज्रपात की चेतावनी भी जारी की है।
मौसम विभाग ने 13 मार्च को वज्रपात (आकाशीय बिजली) की चेतावनी भी जारी की है। जानिए अगले 7 दिनों का मौसम पूर्वानुमान। मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 12 और 14 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ बारिश होने के संकेत मिले हैं। इस दौरान उत्तर प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में 20–30 किमी प्रति घंटे की तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने 13 मार्च को वज्रपात (आकाशीय बिजली) की चेतावनी भी जारी की है ।पूर्वी उत्तर प्रदेश में रहेगा साफ मौसम पूर्वी उत्तर प्रदेश में 10 से 16 मार्च तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि, 14 मार्च को कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है, लेकिन ज्यादातर क्षेत्रों में होली के दिन मौसम साफ और अनुकूल रहेगा।

### उप जिलाधिकारी/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के साथ बैठक कर दिए निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



उरई। उपजिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 221–उरई(अ०जा०) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल आम आदमी पार्टी/बहुजन समाज पार्टी/ भारतीय जनता पार्टी/कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया(माकर्ससिस्ट)/इंडियन नेशनल कॉंग्रेस/नेशनल पीपुल्स पार्टी व मान्यता प्राप्त राज्यीय दल समाजवादी पार्टी एवं अपना दल(सोनेलाल) को समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित किये जाने के सम्बंध में बताया कि जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी के पत्र दिनांक 7 मार्च 2025 व मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊके पत्र दिनांक 07 मार्च 2025 के संदर्भ में अवगत कराना है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में दिनांक 11.03.2025 को समय अपराह्न 12:00 बजे स्थान तहसील सभा कक्ष में उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण 221–उरई(अ०जा०) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई है। अतएव आहूत बैठक में नियत तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

# बिहार में कांग्रेस होगी मजबूत इस दिन से कन्हैया करेंगे यात्रा

6

लोक तंत्र कीआवाज़



पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस लगातार पार्टी की मजबूती पर काम कर रही है। अभी हाल के दिनों में महज कुछ ही दिनों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी दो बार बिहार दौड़े पर बिहार आये। इसके साथ ही कांग्रेस ने कृष्णा अल्लावरू को ई१ का प्रभारी बनाया जिसके बाद उन्होंने भी बिहार में युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी। अब बिहार में कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार की एंट्री होने जा रही है। कन्हैया कुमार आगामी 16 मार्च से बिहार में नौकरी दो पलायन रोको यात्रा पर निकलने वाले हैं।

**चंपारण से शुरू होगी यात्रा:** कन्हैया अपनी यात्रा की शुरुआत चंपारण से करेंगे। यात्रा से पहले कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारू के साथ सोमवार को राजधानी पटना में स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कन्हैया ने कहा कि बिहार का सबसे जरूरी मुद्दा शिक्षा, नौकरी और पलायन को लेकर कांग्रेस बिहार में एक पदयात्रा करेगी। पदयात्रा गांधीजी की कर्मभूमि चंपारण से शुरू की जाएगी। यह पदयात्रा बिहार के विभिन्न जिलों से होते हुए पटना में समाप्त होगी।

**रोकना होगा बिहार से पलायन:** बिहार के लोगों का गौरव दुबारा प्राप्त करने के लिए यहां के लोगों को नौकरी दे कर पलायन रोकना होगा। नौकरी देने के लिए सरकार समय पर बहाली नहीं निकालती है और जब असफल कोशिश करती भी है तो बड़े पैमाने पर परीक्षाओं में धांधली होता है, लूट खसोट के बड़े मामले उजागर होते हैं। आज भी इढरउ के मामले को लेकर बिहार के नौजवान आन्दोलनरत हैं। बिहार में शिक्षा की यह हालत है कि यहां ग्रेजुएशन को पंचवर्षीय योजना कहा जाता है क्योंकि तीन वर्ष का कोर्स पांच वर्ष में पूरा किया जाता है।

**दल की यात्रा नहीं, नौजवानों की पुकार:** हमारा प्रदेश ऐसा है कि मोहन दास को गांधी और सिद्धार्थ को महात्मा बुद्ध बना दिया लेकिन आज हमारे प्रदेश के छात्रों को शिक्षा के लिए भी दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। आज भी बिहार के लोग पूरे देश को बना रहे हैं लेकिन अपने ही घर में उनके लिए अवसर नहीं है। इन्हीं बातों को देखते हुए युवा कांग्रेस और ठरवकने पदयात्रा का निर्णय लिया है। यह यात्रा सिर्फ एक दल की यात्रा नहीं बल्कि छात्रों और नौजवानों की पुकार है। कन्हैया कुमार ने कहा कि आप बिहार के किसी भी चौक चौराहे पर चले जाइये और बिहार के दो तीन समस्याओं के बारे में पूछेंगे तो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की बात सामने आएगी। हम जब बाहर जाते हैं तो हमें अपमानित करने से कोई नहीं चूकता है।

**बिहार में है पलायन की सरकार:** प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि युवा कांग्रेस और ठरवकमिल कर बिहार के सबसे बड़े मुद्दे पलायन को लेकर जनता और युवा की आवाज बन कर यात्रा करने जा रही है। यह सरकार पलायन सरकार है। इसकी सबसे बड़ी विफलता बिहार और बिहारी के सम्मान, स्वाभिमान और गौरव को ठेस पहुंचाना है। यहां महंगाई, कमाई, पढाई, दवाई के ऊपर काम किये बगैर ई१ के लोगों को बिहार छोड़ने के लिए मजबूर किया गया।

## गया कॉलेज के कला भारती के छात्र–छात्राओं के द्वारा होली रंग उत्सव कार्यक्रम आयोजित




लोकतंत्र की आवाज

**गया।** गया कॉलेज के कला भारती के छात्र–छात्राओं के द्वारा होली रंग उत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन !इस कार्यक्रम का उद्घघाटन प्रोफेसर सतीश चंद्र प्रधानाचार्य ,समन्वयक कला भारती डॉ पंकज कुमार भारती ,एमसीए हेड डॉ अमित कुमार , डॉ अंबरीश नारायण, डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया है। आए अतिथियों का स्वागत डॉ पंकज भारती के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया स्वागत भाषण में प्रधानाचार्य ने कहा कि होली रंगों का उत्सव है जिसमें हम तमाम धर्म समुदाय के लोग एक साथ मिलजुल कर पुरानी बातों को भूलकर एकजुट होते हैं होली के दिन सब एक रंग में रंग जाते हैं।

इस उत्सव को हमारे महाविद्यालय ने आज वृहत पैमाने पर आयोजन कर है इसके लिए हम महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों ,कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं को बधाई एवं शुभकामना देते हैं आज के इस कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं के द्वारा होली पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, कला भारती के छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह भी आज के कार्यक्रम में आयोजित किया गया साथ ही साथ कॉलेज की सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी लोगों को भी महाविद्यालय परिवार ने सम्मानित किया है।धन्यवाद ज्ञापन जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार ने किया मंच का संचालन हिंदी विभाग की ट्विंकल रक्षिता ने किया है।आज के कार्यक्रम में डॉ रशीद नइम, अमरजीत कुमार , अविनाश कुमार ,शेखर कुमार सिंह ,शंभू कुमार, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनीष प्रताप सिंह ,सचिव संतोष कुमार सिंह ,नीरज सिंह ,डॉ अश्वनी कुमार ,सुश्री अमृता ,श्री आर एस सूर्यमणि, सहित सभी शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं मौजूद थे !

## मोतिहारी: होली पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** तुरकौलिया थाना परिसर में थानाध्यक्ष सुनील कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,समाज के प्रबुद्ध नागरिक इस बैठक में हुए सामिल हुए। वहीं थानाध्यक्ष ने कहा कि होली में डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेंगा। आदेश का पालन नहीं करने पर जप्त कर कानूनी करवाई की जाएगी। अश्लील गाना बजाने पर की जाएगी प्राथमिकी दर्ज। शराब के सेवन, भंडारण एवं बिक्री के साथ अन्य गैरकानूनी गतिविधि की सूचना थानाध्यक्ष को देने की अपील किया।

# नीतीश कुमार को राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए, मुकेश सहनी अति पिछड़ों के सबसे बड़े नेता : संजीव मिश्रा

लोक तंत्र कीआवाज

**वाल्मीकिनगर ।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक 10 और 11 मार्च को वाल्मीकिनगर, बिहार में शुरू हो गई। बैठक की शुरुआत पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की चुनावी रणनीतियों पर विचार विमर्श करना था।

इस दौरान, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बिहार की राजनीति पर अपनी बेबाक राय दी और कहा, नीतीश कुमार को अब राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए। उनका समय अब खत्म हो चुका है। बिहार में अति पिछड़ों की



सबसे बड़ी आवाज़ मुकेश सहनी ही हैं, और उन्हें बिहार के अति पिछड़ों का नेता माना जाता है।₹ मिश्रा ने यह भी कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए वीआईपी पार्टी पूरी तरह से तैयार है और इसकी रणनीतियाँ स्पष्ट रूप से बन रही हैं।

संजिव मिश्रा ने यह भी कहा, ₹हमारी पार्टी का मुख्य उद्देश्य राज्य के 243 विधानसभा सीटों पर मजबूत संगठन तैयार करना है। इसके लिए हम कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेकर उनकी रणनीतियों को परिष्कृत करेंगे। हमारा लक्ष्य राज्य के हर गांव और हर तबके तक अपनी पहुँच बढ़ाना है, और पार्टी को लगातार जनता का समर्थन मिल रहा है। पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने बैठक में अपने विचार साझा करते हुए कहा, ₹हम आगामी चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वीआईपी बिहार के हर गरीब, अति पिछड़े और दलित समुदाय की आवाज बनेगी। हमारी पार्टी का मुख्य उद्देश्य इन वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना है।

बैठक के दौरान पार्टी नेताओं ने चुनावी रणनीतियों, संगठन विस्तार और प्रचार के तरीकों पर भी विस्तार से चर्चा की। विशेष रूप से, वीआईपी ने पार्टी के जनाधार को हर गांव, मोहल्ले और हर वर्ग तक पहुँचाने की योजना बनाई है। बैठक में यह तय किया गया कि पार्टी आगामी चुनावों के लिए एकजुट होकर अपनी ताकत लगाएगी और बिहार में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएगी। बैठक ने पार्टी के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और विश्वास भर दिया है। वीआईपी इस बार आगामी विधानसभा चुनावों में बिहार की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## मकराना में चाकू से हमला कर एक युवक की हत्या, आरोपी युवक की पुलिस कर रही है तलाश

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्टर अब्दुल सलाम गैसावत**

**राजस्थान।** मकराना में पलाड़ा रोड़ पर स्थित एक घर में घुसकर एक युवक पर चाकू से हमला करने से युवक की हत्या हो जाने का मामला सामने आया है। मुमताज रांदड़ पत्नी अब्दुल समद रांदड़ निवासी मुस्कान मैरिज गार्डन के पास पलाड़ा रोड़ मकराना ने रिपोर्ट में बताया कि सोमवार 10 मार्च की सुबह उसका लड़का मोहम्मद आरिश उर्फ आसिफ उम्र 20 वर्ष व अन्य बच्चे घर पर सो रहे थे।

इस दौरान करीब 10 बजे आरोपी युवक कासिम चौधरी पुत्र निजाम चौधरी निवासी चमनपुरा मकराना उसके घर आया और उसके बेटे आरिश उर्फ आसिफ को उठाकर उस पर चाकू से दो–तीन वार कर दिए। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। जिसके बाद उसे शहर के सरकारी अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मकराना पुलिस उपाधीक्षक भवानी सिंह शेखावत व थानाधिकारी सुरेश कुमार सोनी ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया है। साथ ही युवक के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस द्वारा घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और गहनता से जांच भी की जा रही है।

# बॉलीवुड के मशहूर गायक सोनू निगम ने वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, गुरुग्राम में बिखेरा अपने सुरों का जादू

लोक तंत्र कीआवाज

**गुरुग्राम।** बेहतरीन पढ़ाई व बेस्ट प्लेसमेंट से सफलता का परचम लहराने वाले वर्ल्ड कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के प्रांगण में जेनिथ 2025 सेलिब्रिटी नाईट का आयोजन किया गया । वर्ल्ड कॉलेज के रजिस्ट्रार युद्धवीर सिंह लांबा ने जानकारी देते हुए बताया कि सेलिब्रिटी नाईट कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित बॉलीवुड के मशहूर गायक सोनू निगम ने जेनिथ 2025 सेलिब्रिटी नाईट में अपनी सुरीली आवाज व एक्टिंग के दमदार परफॉर्मेंस का ऐसा जलवा बिखेरा की सभी मंत्रमुग्ध हो गए।

पंडाल में उपस्थित कॉलेज के एम.सी.ए, एम.बी.ए, एम.टेक, बी.टेक, बी.बी.ए , बी.सी.ए और डिप्लोमा इंजीनियरिंग के छात्रों और कॉलेज स्टाफ ने बॉलीवुड सिंगर सोनू निगम के मंच पर पहुंचने पर तालियों से उनका स्वागत किया। करीब दो घंटे की प्रस्तुति के दौरान पद्मश्री से सम्मानित बॉलीवुड के मशहूर गायक सोनू निगम ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने समां बांधा और हर किसी को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के मैनेजिंग ट्रस्टी कुंवर निशांत सिंह जी ने अपने संबोधन में कहा कि समय–समय पर इस तरह सेलिब्रिटी नाईट के आयोजन में बॉलीवुड के फेमस सिंगर और रैपर जैसे यो यो हनी सिंह, इक्का सिंह, सिंगर बोहेमिया, मोहित चौहान, पंजाबी सुपरस्टार सिंगर गिप्पी ग्रेवाल, बॉलीवुड के लोकप्रिय डीजे अकील, मशहूर पंजाबी सिंगर परमीश



वर्मा और बॉलीवुड सिंगर बी प्राक आदि को बुला चुके हैं क्योकि विद्यार्थियों के सर्वांगिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ–साथ खेल–कूद और मनोरंजन भी जरूरी होता है ।

आपको बता दें कि वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से संबद्ध सर्वश्रेष्ठ कॉलेज है जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित बी.टेक के रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मैकेनिकल और ऑटोमेशन इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस और डिजाइन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आदि और एम.टेक के सिविल में कंप्यूटर एडेड स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस आदि मार्केट्स और इंडस्ट्री सेक्टर की डिमांड के अनुसार रोजगारयुक्त नए कोर्सेज का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है । वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट को टाइम्स इंजीनियरिंग सर्वे द्वारा गुरुग्राम में प्लेसमेंट में नंबर 1 कॉलेज के रूप में स्थान दिया गया है क वर्ल्ड कॉलेज में अनेकों सेक्टर की अग्रणी कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट के लिए आती हैं।

# जनता दल (यू) गया जिला (महिला प्रकोष्ठ) की बैठक

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** कर्पूरी सभागार, जिला कार्यालय जद (यू०) गया में महिला जिला अध्यक्ष देवरानी देवी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई है। इस बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष द्वारका प्रसाद की अध्यक्षता में बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने पर मंथन किया गया है। इस बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष द्वारका प्रसाद ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर बूथ कमेटी का निर्माण करेगी और पार्टी इस बूथ कमेटी के माध्यम से ₹बूथ जीतो चुनाव जीतो₹ का लक्ष्य हासिल करेगी। पार्टी से जुड़े सभी महिलाओ से जिला अध्यक्ष ने अपील की कि बूथ स्तर तक जो सूची प्रखंड अध्यक्ष के माध्यम से बनाया जा रहा है उसमें आप लोग प्रखंड अध्यक्ष को पूरी तरह सहयोग करेंगे।

महिला अध्यक्ष देवरानी देवी ने कहा कि हर बूथ पर बूथ कमेटी में महिला की भागीदारी सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नारी सशक्तिकरण का जो नारा दिया है उनके संकल्प में हमारी महिलाएं सहयोग करेंगी। बिहार में नीतीश कुमार ने महिलाओं को रोजगार देने में एक अहम भूमिका निभाई है, उन्होंने कहा कि रोजगार मतलब नीतीश सरकार। जदयू जिला के मुख्य प्रवक्ता कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने अपने सम्बोधन में कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में विकास की धारा बहाया है और युवाओं को नौकरी और रोजगार देकर बड़ा परिवर्तन लाया है। इसमें महिला और पुरूष साथ साथ कदमताल कर रहे हैं। बिहार में अपराध, नक्सलिज्म, बेरोजगारी, दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी कुरीतियों को दूर करने में जो अहम भूमिका निभायी है उससे पूरी दुनिया वाकिफ है। महिलाओं के प्रति संवेदनशील नीतीश कुमार ने महिलाओं की मांग पर शराबबंदी लागू कर महिलाओं के प्रति सम्मान को जताया जिससे महिलाओं में खुशी है।

शंकर चौधरी ने कहा कि बिहार में शराबबंदी महिला के कहने से ही लागू हुआ है। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष कैलाश पासवान, पप्पू दांगी, मोहनपुर प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार, डोभी प्रखंड महिला अध्यक्ष चिंता देवी, मोहनपुर महिला अध्यक्ष नंदा देवी, बाराचट्टी महिला अध्यक्ष सुनीता देवी, लीला देवी, नीतू देवी, नंदा देवी, चंदा देवी, रेखा देवी, गीता देवी, रानी देवी, पुष्पा देवी, सात्विक, उषा देवी, सुनीता कुमारी, नंदा देवी, जसोदा देवी, सुनीता देवी, निर्मला कुमारी,कलावती देवी, मीना देवी, रामप्यारी देवी, रिंकू देवी, कमला देवी, अनिता कुमारी, ममता देवी, सोनी देवी, उषा देवी, सरोज, जसोदा देवी ने भी अपनी बात रखी है। इस बैठक के अंत में महिलाओं ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर और मिठाई बांटकर होली का त्योहार भी मनाया और सबने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं साथी साथ 2025 में 225 और फिर से नीतीश का संकल्प का संकल्प दोहराया।

## लखनऊनगर निगम का बजट नहीं हो सका पास, बैठक से सपा के साथ भाजपा के अधिकांश पार्षदों ने किया बहिष्कार

लोक तंत्र की आवाज
रत्ना



**लखनऊ।** लखनऊनगर निगम का बजट पास नहीं हो सका क्योंकि बैठक में कोरम पूरा नहीं हुआ। सपा के साथ ही भाजपा के अधिकांश पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार किया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने डेढ़ घंटे तक इंतजार करने के बाद बैठक को स्थगित कर दिया।

बजट पास न होने से नगर निगम और जलकल विभाग के कार्यों के साथ ही शहर के विकास पर भी असर पड़ेगा।बैठक में शामिल न होने वाले पार्षदों ने नगर निगम और जलकल विभाग के बजट पर ब्रेक लगा दिया। इसका नए वित्तीय वर्ष से नगर निगम और जलकल विभाग के कार्यों के साथ ही शहर के विकास पर भी असर दिखेगा। हालांकि रविवार को ही कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के साथ ही महापौर की बैठक भी हुई। सपा का विरोध करना विपक्ष की भूमिका में शामिल होना बताया जा रहा है, लेकिन नगर निगम सदन में बहुमत में होने और भाजपा की ही महापौर होने के बाद भी भाजपा पार्षदों का बैठक में शामिल न होना तमाम सवाल खड़ा कर रहा है।


लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।